हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092

rashtrasamvad.com

जमशेदपुर, सोमवार

19.05.2025

नगर संस्करण

वर्ष: 01,अंक:361

मूल्य : दो रुपए


## सुविचार

मैं ने कोई विज्ञापन ऐसा नहीं देखा जिसमें पुरुष स्त्री से कह रहा हो कि यह साड़ी या स्नो ख़रीद ले। अपनी चीज़ वह खुद पसंद करती है मगर पुरुष की सिगरेट से लेकर टायर तक में वह दख़ल देती है। - हरिशंकर परसाई

## दलमा में पर्यटन को मिलेगा नया आयाम, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**चांडिल ।** अनुमंडल क्षेत्र स्थित दलमा वन्य प्राणी अभयारण्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने रविवार को स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी और वन विभाग की टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान मंत्री को दलमा की ऊँची चोटियों पर प्रस्तावित ग्लास ब्रिज परियोजना की विस्तृत प्रस्तुति प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। दलमा के शिव मंदिर के पास दो ऊंची चोटियों के बीच बनने वाला यह ग्लास ब्रिज न सिर्फ रोमांचकारी होगा बल्कि यह पर्यटकों के लिए एक अनोखा अनुभव प्रदान करेगा। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत ग्लास ब्रिज, मल्टीपल गेस्ट हाउस तथा रोपवे की सुविधा जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी जिससे दलमा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नक्शे पर पहचान मिलेगी। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि दलमा का प्राकृतिक सौंदर्य झारखंड की शान है और सरकार यहां पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि कार्ययोजना को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए। परियोजना के पूरा होने के बाद यह क्षेत्र रोमांच प्रेमियों और प्रकृति के प्रेमियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन जाएगा।



## भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स और प्रोसेस्ड फूड की एंट्री पर लगाया बैन



**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड जैसे कुछ सामानों के आयात पर भूमि बंदरगाह प्रतिबंध लगाते हुए एक अधिसूचना जारी की। डीजीएफटी ने अपनी अधिसूचना में कहा, हालांकि, इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले बांग्लादेशी सामानों जो कि नेपाल और भूटान जा रहे हैं, पर लागू नहीं होंगे। निर्देश के अनुसार, बांग्लादेश से सभी प्रकार के रेडीमेड गारमेंट्स का आयात किसी भी भूमि बंदरगाह से नहीं किया जाएगा, हालांकि, इसे केवल न्हावा शेवा और कोलकाता बंदरगाहों के माध्यम से अनुमति दी गई है। अन्य प्रतिबंध फल या फल के स्वाद वाले और काबोर्नेटेड पेय पदार्थों के आयात, प्रोसेस्ड फूड आइटम्स, कपास और सूती धागे का वेस्ट, प्लास्टिक और पीवीसी तैयार माल और लकड़ी के फर्नीचर पर हैं।

## सहज सफल सजग सांसद बिद्युत बरण महतो को पुन: मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार 2025

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय सांसद श्री बिद्युत बरण महतो को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और निरंतर योगदान÷ के लिए प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025÷ से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें आगामी जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले संसद रत्न पुरस्कार समारोह के 15वें संस्करण में प्रदान किया जाएगा।इस आशय की घोषणा आज प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की गई। संसद रत्न सम्मान की घोषणा पर सांसद बिद्युत बरण महतो ने खुशी जाहिर की और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी तथा जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, ÷यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए एक प्रेरणा है, बल्कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारियों की पुष्टि भी है। मैं इसे जमशेदपुर की जनता की जीत मानता हूँ, जिन्होंने मुझे सेवा का अवसर दिया। यह पुरस्कार उन्हीं को समर्पित है।



उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर से सांसद बिद्युत बरण महतो ने संसद में अपनी निरंतर उपस्थिति, प्रभावी बहसों और जनता से जुड़े मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाने के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, रेल, कृषि, सिंचाई,माइंस, सड़क एवं हाईवे, एयरपोर्ट,स्वर्णरेखा परियोजना,और झारखंड सहित जमशेदपुर के विकास से जुड़े मुद्दों पर कई बार संसद में जोरदार आवाज़ उठाई है। उनकी इस निरंतरता और प्रतिबद्धता को संसद रत्न पुरस्कार द्वारा मान्यता देना जमशेदपुर समेत पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह पुरस्कार न केवल बिद्युत बरण महतो की संसदीय उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि उन जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा है, जो लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी 16वीं एवं 17वीं लोकसभा में भी बिद्युत बरण महतो को संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। गौरतलब है कि संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना 2010 में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन और ई-मैगजीन 'प्रीसेंस' द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सुझाव पर की गई थी।

## हैदराबाद में दर्दनाक हादसा,17 लोगों की मौत

### इनमें 8 बच्चे, 10 जख्मी; 15 को बचाया, शॉर्ट सर्किट से दुर्घटना की आशंका

**हैदराबाद एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित गुलजार हाउस में रविवार सुबह आग लग गई। इमारत में लगी इस भीषण आग की चपेट में आने से 17 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। घटना पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर शोक जताया है। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिस बिल्डिंग में आग लगी है, वह शहर की फेमस इमारत है। यह आग शहर के सबसे बड़े आग हादसों में से एक



बन गई है। दस घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें हॉस्पिटल, उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल और एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया है। दमकल विभाग के अनुसार, आग सुबह 5.30 बजे लगी। उस समय ज्यादातर लोग सो रहे थे। आग इमारत के ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई। फिर धुआं तेजी से पूरी इमारत में फैल गया। इससे लोगों का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई। केंद्रीय मंत्री और राज्य बीजेपी प्रमुख जी किशन रेड्डी ने बताया कि आग एक मोती की दुकान में लगी। दुकान एक परिवार की थी और उनका घर दुकान के ऊपर ही था। उन्होंने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई है।

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के संपर्क में थी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा, वित्तीय विवरणों की हो रही जांच

**हिसार।** हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने 17 मई को उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन ने रविवार को मीडिया को बताया कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंट सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों को भर्ती कर अपने प्रचार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर ज्योति को न्यू अग्रसेन कॉलोनी, हिसार से गिरफ्तार किया गया। ज्योति कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन की यात्रा कर चुकी थी। वह पाकिस्तानी ऑपरेटिव के संपर्क में थी। उन्होंने कहा, हमने उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। हम उसके वित्तीय विवरणों का विश्लेषण कर रहे हैं। भारत-पाक तनाव के दौरान वह पीआईओ के संपर्क में थी। लेकिन उनके पास महत्वपूर्ण सैन्य या रक्षा जानकारी तक कोई सीधी पहुंच नहीं थी। पुलिस के अनुसार, ज्योति का यूट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो 3.77 लाख सब्सक्राइबर्स के साथ लोकप्रिय है, और इंस्टाग्राम पर उसके 1.31 लाख फॉलोअर्स हैं। जांच में पता चला कि उसने 2023 में कमीशन एजेंटों के माध्यम से वीजा प्राप्त कर पाकिस्तान की यात्रा की थी।

## कटिहार से दिल दहला देने वाली घटना, मौलवी की हैवानियत का शिकार हुआ मासूम बच्चा



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**कटिहार** ज़िले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। हसनगंज प्रखंड के जगर्नाथपुर पंचायत स्थित मदरसा रहमत-ए-आलम धोकरदा में पढ़ने वाले 12 साल के छात्र कौशर आलम के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि मदरसे के हेड मौलवी परवेज़ आलम ने बच्चे को सिर्फ इसलिए बेरहमी से पीटा क्योंकि वह कुछ दिन मदरसे नहीं आया था। यही नहीं, मौलवी पर आरोप है कि उसने कौशर के मुंह में जलती हुई माचिस की तीली डाल दी, जिससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया और उसकी आवाज तक बंद हो गई है। घटना के बाद परिजन जब मदरसे पहुंचे तो उन्हें भी कथित रूप से एक कमरे में बंद कर प्रताड़ित किया गया। बच्चे का इलाज अस्पताल में जारी है, परिजन सदमे में हैं और इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। वहीं हेड मौलवी परवेज़ आलम ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि यह उन पर लगाया गया बेबुनियाद इल्ज़ाम है।मामला सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस मौलवी से पूछताछ कर रही है और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## आदिवासियों और मूलवासियों को बांटने का षड़यंत्र रच रही भाजपा : झामुमो



**रांची ।** भाजपा नेता चंपाई सोरेन के बयानों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को राज्य की जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार के स्पेशल टास्क फोर्स के गठन का असली मकसद आदिवासी समाज को डराने और कमजोर करने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों के नाम पर राजनीति कर रही है, लेकिन सत्ता में रहते हुए उन्होंने कभी सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं दी। महासचिव विनोद पांडेय ने आगे कहा कि महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा को झारखंड सरकार को घेरने का कोई अधिकार नहीं है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा पूरी तरह केंद्र सरकार का विषय है। अगर घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपनी गलती को सुधारने के लिए कदम बढ़ाना चाहिए। लेकिन अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की अपनी आदत के अनुकूल भाजपा काम करती दिख रही है। धर्मांतरण पर चंपाई सोरेन के बयान पर पांडेय ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही धार्मिक ध्रुवीकरण कर सत्ता हासिल करने की कोशिश करती रही है।

## जेएससीए के नए अध्यक्ष बने अजय नाथ शाहदेव, सौरभ तिवारी की सचिव पद पर हुई जीत



**रांची, ।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ( जेएससीए) के चुनाव में रविवार को अजय नाथ शाहदेव और एसके बेहरा के गुट के बीच हुए मुकाबले में अजय नाथ शाहदेव की 'द टीम' ने क्लीन स्वीप किया। अध्यक्ष पद समेत सभी सीटों पर अजय नाथ शाहदेव गुट की जीत हुई है और एसके बेहरा गुट को करारी शिकस्त मिली है। रविवार को हुए मतदान के बाद घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर अजय नाथ शाहदेव ने जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष पद पर संजय पांडे, सचिव पद पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी, सह सचिव पद पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शाहबाज नदीम ने जीत दर्ज की है।अमिताभ घोष ने कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर ली है। अजय नाथ शाहदेव गुट की ओर से कमेटी मेंबर के रूप में संजय जैन, रमेश कुमार, मिहिर प्रीतेश तोपनो, परवेज खान और रत्नेश कुमार सिंह की जीत हुई है। जिला कमेटी मेंबर में वीरेंद्र पाठक, श्रीराम पुरी, राघवेंद्र नारायण सिंह और उत्तर कुमार बिस्वास ने जीत हासिल की है। वहीं स्कूल एंड क्लब रिप्रेजेंटेटिव के रूप में उमा महेश्वर राव ने जीत का परचम लहराया है।

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन पैतृक गांव नेमरा पहुंचे, दिवंगत जगदीश सोरेन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज सपरिवार रामगढ़ जिला स्थित पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां अपने पारिवारिक सदस्य जगदीश सोरेन जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा एवं अन्त्येष्टि संस्कार में भी सम्मिलित हुए। विदित हो कि दिवंगत जगदीश सोरेन रिश्ते में (राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन के चचेरे भाई) मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के चाचा लगते थे। विगत 17 मई 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।




# केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिया संज्ञान, जांच व कार्रवाई का दिया निर्देश

**प्रकाशित खबर पर केंद्रिय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिया संज्ञान, मिलेनियम व इरकॉन की बढ़ी मुश्किलें**

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतराः** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में शिवपुर- कठौतिया रेलवे लाइन के निर्माण में इरकॉन से जुड़े मिलेनियम कंपनी द्वारा बरती जा रही भारी अनियमितता के संदर्भ में राष्ट्र संवाद अखबार में प्रकाशित खबर पर केंद्रिय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिया संज्ञान।

15 मई को कंप्लेन आइडी टीडब्लू- 21- 20200 के जरिए झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समुचित जांच व कार्रवाई के निर्देश दिया है। आपको बता दें पिछले दिनों मिलेनियम कंपनी द्वारा ग्रामीण इलाकों से मिट्टी की ढुलाई के दौरान हो रहे भारी प्रदूषण व अवैध मिट्टी कटाई के गंभीर आरोपों पर समाचार-पत्रों में विस्तृत खबर प्रकाशित की गई थी।


रेलवे निर्माण में जुटी मिलेनियम कंपनी की मनमानी से लोगों में बीमारी का बढ़ा प्रकोप, उपायुक्त से कार्रवाई की मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चतराः टंडवा शिवपुर कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य मे लगी मिलेनियम कंपनी की मनमानी चरम पर है। कंपनी द्वारा टंडवा अंचल के धनगड़ा पंचायत में सरकारी भूमि और तालाब से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिससे जिला प्रशासन व सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है। शिकार होना पड़ रहा है। लोगो को जहा गर्मी से परेशान है वही दूसरी ओर धूल गर्दे से सांसे अटक रही है। संबंधित विभाग आखिर इस तरह के कंपनियों पर नकेल कसने में विफल साबित क्यों होते हैं। इस पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग को खाना पूर्ति कर किया जाता है अवैध मिट्टी खनन का कार्य। जिससे विभाग पूरी तरह कार्रवाई करने से कोसो

बताया जाता है कि निर्धारित मानकों को दरकिनार कर होने वाले कार्यों से जहां बड़े पैमाने पर सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है वहीं ग्रामीणों को जीने के मौलिक अधिकारों का भी खुलेआम हनन किया जा रहा है। बहरहाल, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संज्ञान से आमलोगों में संबंधित कंपनी के विरुद्ध बड़े कार्रवाई की उम्मीदें जगी है एवं उसकी मनमानी पर अब विराम लगने की चर्चा हो रही है। कंपनी द्वारा क्षेत्र के अवैध मिट्टी उत्खनन करके भौगोलिक संरचना तहस-नहस करके प्रदूषण फैला रही थी।

## जामताड़ा के युवक की चित्तरंजन में हत्या की आशंका, फतेहपुर डैम में मिला शव

राष्ट्र संवाद सं

चित्तरंजन, पश्चिम बंगालः जामताड़ा जिले के मिहिजाम के रहने वाले 27 वर्षीय युवक रवि रंजन सिंह का शव रविवार को चित्तरंजन के फतेहपुर डैम में औंधे मुंह पड़ा मिला।रवि रंजन सिंहजो चिरेका में ठेका श्रमिक के तौर पर काम करते थे, शुक्रवार को ड्यूटी पर जाने के बाद घर नहीं लौटे थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, रवि रंजन सिंह का शव फतेहपुर डैम से बरामद किया गया। शव की पहचान रवि रंजन सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में उनके सिर और हाथ पर चोट के निशान पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर चित्तरंजन पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को डैम से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल भेज दिया।

मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि रवि शुक्रवार सुबह ड्यूटी पर गए थे और उसके बाद से लापता थे। रवि कुछ साल पहले चित्तरंजन के 86 नंबर स्ट्रीट में रेलवे क्वार्टर में रहते थे, लेकिन पिता के सेवानिवृत्त होने के बाद वे मिहिजाम में अपने घर में रहने लगे थे।

पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रहीहै। पुलिस हत्या केकारणों और इसमें शामिल लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में और जानकारी मिलने की संभावना है। इस घटना से मिहिजाम और चित्तरंजन में शोक की लहर है।

## सार-संक्षेप

## जोहार जियाउल दादा के नेतृत्व में खतियानी पद यात्रा शुरू - दुमका से रांची तक हक-अधिकार की आवाज



राष्ट्र संवाद संवादाता

**गोड्डाः** झारखंड की अस्मिता और अधिकारों को लेकर एक बार फिर जनआंदोलन तेज हो गया है। उप-राजधानी दुमका से आज खतियानी पद यात्रा की ऐतिहासिक शुरूआत हुई, जिसका नेतृत्व जियाउल दादा कर रहे हैं। यह पद यात्रा राज्य की राजधानी रांची तक जाएगी और वहां राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के साथ समाप्त होगी। इस पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के मूलवासियों और आदिवासी समुदाय के संवैधानिक एवं परंपरागत अधिकारों की बहाली है। आंदोलन के दौरान निम्नलिखित मुख्य मांगें रखी गई हैंःझारखंड की स्थानीय नीति को 1932 के खतियान के आधार पर लागू किया जाए।

नियोजन नीति को भी 1932 के खतियान के अनुरूप बनाया जाए। विस्थापन नीति को 1932 आधारित नीति के तहत लागू किया जाए। गरमजरूवा जमीन को जमाबंदी का दर्जा दिया जाए। आदिवासी हितों के लिए महत्वपूर्ण 'पेसा कानून' को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। अन्य राज्यों में पलायन कर रहे मजदूरों को राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाए। शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में सुधार कर मूलभूत सुविधाएं सुलभ करवाई जाएं। अब तक मुआवजा से वंचित विस्थापितों को उनका हक जल्द से जल्द दिया जाए। पद यात्रा के संयोजकों का कहना है कि यह केवल एक विरोध यात्रा नहीं, बल्कि झारखंडी अस्मिता की पुनर्स्थापना का संघर्ष है। जियाउल दादा ने सभी झारखंडवासियों से इस अभियान में कदम-से-कदम मिलाकर चलने की अपील की है ताकि हक और अधिकार की लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया जा सके।

अब वक्त आ गया है कि झारखंडी अपने हक के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ें और खतियानी अधिकारों को फिर से जीवित करें₹ - जियाउल दादा यह पद यात्रा राज्य की राजनीतिक चेतना को एक नई दिशा देने का प्रयास है, जो आने वाले समय में झारखंड की नीतियों पर निर्णायक प्रभाव डाल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

## डीलरों के लिए सख्त निर्देश, बिना सूचना छुट्टी पर जाने पर होगी कार्रवाई, लगातार बंद दुकानों का रद्द होगा लाइसेंस



राष्ट्र संवाद संवादाता

**गोड्डा :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने शनिवार को जिले में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी डीलर बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) या प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पूर्व सूचना दिए बिना छुट्टी पर नहीं जा सकता। ऐसा करने पर संबंधित डीलर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकान लगातार बंद पाई जाती है, तो उसकी जांच कर उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा। खाद्य आपूर्ति विभाग, रांची, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आगामी खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। जून एवं जुलाई महीने का खाद्यान्न वितरण 1 जून से 15 जून 2025 तक किया जाएगा, जबकि अगस्त माह का वितरण 16 जून से 30 जून 2025 तक संपन्न किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि अगले एक माह के भीतर राज्य एवं जिला स्तरीय टीमें जिले की लगभग सभी पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करेंगी।

निरीक्षण के दौरान दुकानों की स्थिति, वितरण व्यवस्था एवं रिकॉर्ड की समीक्षा की जाएगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि आमजन तक समय पर और सही मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सके।

## हनवारा में नाला निर्माण कार्य में घोर अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

**संवेदक की लापरवाही से घट रही निर्माण गुणवत्ता, प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

राष्ट्र संवाद संवादाता



**गोड्डाः** झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र के हनवारा-सनहौला मुख्य मार्ग पर हो रहे नाला निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संवेदक की ओर से कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाला निर्माण कार्य पहले से ही काफी विलंब से चल रहा है। स्थिति यह है कि हालिया बारिश के चलते गड्ढों में जमा पानी को हटाए बिना ही उसी में नाले की ढलाई की जा रही है। इससे निर्माण की मजबूती और टिकाऊपन पर संदेह पैदा हो रहा है। ग्रामीण असलम, दानिश, मुकेश कुमार, अख्तर, सलीम और विवेक सहित कई लोगों ने संवेदक के गैरजिम्मेदार रवैये पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि बार-बार मना करने के बावजूद निर्माण एजेंसी मनमाने ढंग से कार्य कर रही है।जब निर्माण स्थल पर कार्य करा रहे मुंशी से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने बात करने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि ₹जो हो रहा है, वह ठीक ही है। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों में भी गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह लापरवाही जारी रही तो नाला जल्द ही क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे बरसात में जलजमाव और अन्य समस्याएं बढ़ेंगी।ग्रामीणों ने

## बोकारोः कपड़े दुकान के मालिक पर अपने ही दुकान में काम करने वाली नाबालिक बच्ची के साथ शारीरिक शोषण करने का आरोप

**राष्ट्र संवाद संः** बोकारो के हरला थाना क्षेत्र में एक कपड़े की दुकान में काम करने वाली नाबालिक बच्ची के साथ दुकान के मालिक ने ही छेड़छाड़ के साथ शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है नाबालिक युवती की मां ने कपड़े के दुकान मालिक पर यह आरोप लगा है बोकारो के हरला थाना में पोक्सो एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया है बोकारो हरला पुलिस दुकानदार मलिक को पड़कर जेल भेज दिया है वही नाबालिक युवती का मेडिकल कराने एवं 164 के तहत बयान के लिए भेजा है बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर मार्केट में एक कपड़े की दुकान मलिक ने ही अपने दुकान में काम करने वाली नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म कर मुंह काला किया है नाबालिक युवती की मां ने हरला पुलिस को लिखित आवेदन दिया है वहीं हरला पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए जहां पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया वही उसे दुकानदार को पड़कर जेल भेज दिया है।

# प्रवासी मजदूर लाभ योजना के तहत मृतक के परिजन को सौपा गया 50 हजार का चेक

**श्रम अधीक्षक ने दिया चेक**

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**देवघरः** मृतक अजय सिंह के परिजन को श्रम विभाग के द्वारा 50 हजार का चेक प्रदान किया गया है।बताते चलें कि मृतक अजय सिंह की गुजरात के सूरत में मजदूरी करने के दौरान मौत हो गयी थी।जानकारी हो कि मृतक अजय सिंह देवीपुर प्रखंड के बारवा ग्राम का रहने वाला है ,वैसे तो इन्हें चेक प्रदान करने की परिक्रिया बीते शनिवार को ही पूरी हो गई थी किंतु किसी कारण बस मृतक के परिजन नहीं पहुंच पाए जिसके चलते मुवाबजे की चेक रबिवार को मृतक के परिजन को श्रम कार्यालय में श्रम अधीक्षक शैलेन्द्र साह ने प्रदान किया।यह मुवाबजे कि चेक प्रवासी मजदूर लाभ योजना के तहत प्रदान किया गया है।वहीं मृतक के परिजन को मुआवजे की राशि दिलवाने में देवीपुर क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव ने महती भूमिका निभाई।श्री यादव ने कहा कि सरकार की इस योजना से प्रवासी मजदूरों को किसी कारण काल के गाल में समाने से उनके परिजनों को चेक प्रदान किया जा रहा है जिससे बहुत हद तक इन्हें लाभ मिलेगा और दुख को कम करनें में यह चेक रामवाण का काम करेगा।वैसे काल के गाल में समाए ब्यक्ति के क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकता।कुल मिलाकर मृतक के परिजन को चेक दिलवाने में महेंद्र यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**देवघरः** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक राज्यअध्यक्ष गोपाल शरण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें राज्य कमिटी, जिला कमिटी,सक्रिय प्रतिनिधि ,एवं संघों के राज्य प्रतिनिधि ने भाग लिया । बैठक की एजेंडा पर चर्चा करते हुए सचिव भूषण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर दर्जनों मांग लंबित है, आए दिन संघों के आंदोलन एवं वार्ता करने के बावजूद मांगो की पूर्ति नहीं हो रही है। बाध्य होकर दिनांक 20/05/2025 को सभी जिला मुख्यालय में धरना जुलूस के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवम मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम से 22 सूत्री मांग पत्र उप।युक्त के माध्यम से दिया जायेगा । तत्पश्चात महेश कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष, सुशीला तिग्गा,जितवाहन उरांव,ब्रजेश सिंह, श्याम लाल चौधरी,लोकेश कुमार, मो नकी अहमद, ओम प्रकाश ओझा, अजय कुमार, अशोक कुमार चौधरी,राजीव नयन तिवारी, बिना सिंह, विनोद तिग्गा , प्रेमा बाड़ा ,अरुण कापरी, मनोज मिश्रा, अरुण यादव ,सौरव रिचर्ड्स,राजीव नयन तिवारी, नारद मंडल, मो जसीम ,राजेश कुमार बाड़ा,बिरसा बड़ाइक, मनोरंजन कुमार ,अरविंद कुमार,सुधीर थापा ,अशोक कुमार, मीरा कुमारी ने एक स्वर में कहा कि दिनांक 20/05/2025 को मांगो की पूर्ति हेतु आंदोलन के माध्यम से 22 सूत्री मांग पत्र दिया जायेगा। विदित है कि वर्षों से कार्यरत ल्ले, मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर, सहिया,रसोइया, चालक, संघवादी सेविका,स्त्र६ आउटसोर्सिंग आदि पर काम करने वालों की स्थाई नियुक्ति नहीं किया जा रहा है।इसी प्रकार उम्र सीमा 65 वर्ष करने , न्यूनतम वेतन 39000 करने , समान काम समान वेतन, की मांगे प्रमुख है। लोकेश कुमार के द्वारा बैठक की करवाई समाप्त की गई।

# शिव धाम में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ शिव पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

राष्ट्र संवाद सं




**जामताड़ाः** शहर के कोर्ट रोड स्थित शिव धाम मोहल्ले के शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं रीति रिवाजों के बीच भगवान शिव एवं माता पार्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। जामताड़ा के विख्यात पुरोहित आचार्य के मंत्रोचारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा के साथ चौबीस घंटे का अष्टयाम यज्ञ एवं अन्य धार्मिक आयोजन की भी शुरूआत की गयी।

वही शिव धाम मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि शिव मंदिर में पूर्व से ही भगवान शिव एवं माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित थी। किसी कारणवश माता पार्वती की प्रतिमा खंडित हो गया था। जिसके कारण यहां के श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इस समस्या को देखते हुए समाज सेवी सह वरिष्ठ भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा एवं समस्त शिव धाम मंदिर कमेटी के सदस्यों के सहयोग से भगवान शिव एवं माता पार्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित की गयी। जहां काशी एवं स्थानीय विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन एवं मंत्रोंच्चार के बीच वैदिक रीति रिवाजों से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी।

वही समाज सेवी सह भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि शिवधाम मोहल्ले में पुनः उमानाथ मंदिर में भगवान शिव एवं पार्वती की प्रतिमा को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। कहा कि हम हमेशा से ही मंदिर निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा, धार्मिक अनुष्ठानों सहभागिता देते हें।

सनातन धर्म की रक्षा, प्रचार-प्रसार और संस्कृति के उत्थान आदि को लेकर होने वाले अनुष्ठान में सहयोग करते आ रहें हैं। उसी के तहत आज मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि शिवधाम मोहल्ले में भगवान शिव एवं मां पार्वती की प्रतिमा स्थापित करने का मौका मिला। मौके पर नटवर खां,रत्नेश झा,हेमन्त झा, अविनाश राउत, रंजित राउत,अनिल ब्रनवाल, संजय ब्रनवाल, रवीन्द्र सिंह, अशोक यादव,संतोष ब्रनवाल, नवल किशोर तिवारी, बबलू ब्रनवाल, निरंजन झा,मदन गुप्ता, रंजय वर्मा सहित शिव धाम मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## होमगार्डों की समस्याओं को लेकर गोड्डा में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की अहम बैठक आयोजित



राष्ट्र संवाद संवादाता

गोड्डाः झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन, गोड्डा जिला कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी ने की, जबकि इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक सह अध्यक्ष मनोज कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए होमगार्डों ने भाग लिया और अपनी-अपनी समस्याओं को बैठक में साझा किया। एसोसिएशन के नेताओं ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए रणनीति तैयार की। चर्चा के दौरान होमगार्डों के नियमितिकरण, मानदेय में वृद्धि, सेवा शर्तों में सुधार, और कार्यस्थल पर सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर विशेष रूप से विचार किया गया। प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी ने कहा कि होमगार्ड राज्य की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि होमगार्डों की स्थिति में सुधार लाने के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं।

प्रदेश संरक्षक मनोज कुशवाहा ने भी सरकार से आग्रह किया कि होमगार्डों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो एसोसिएशन राज्यव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगा। बैठक के अंत में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें सरकार से जल्द ठोस कदम उठाने की अपील की गई। साथ ही, भविष्य की रणनीतियों पर विचार करने के लिए अगली बैठक की रूपरेखा भी तय की गई। यह बैठक होमगार्डों की एकजुटता और उनके हक की लड़ाई को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## मानव सेवा बैंक के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, लाखों की धोखाधड़ी का हुआ खुलासा




राष्ट्र संवाद संवादाता

**गोड्डाः** झारखंड के गोड्डा जिले में मानव सेवा बैंक के नाम पर फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नमित कुमार जयसवाल ने 2019-20 के दौरान महागामा में फर्जी बैंक खोलकर लोगों को अधिक ब्याज का लालच देकर उनसे पैसे जमा कराए और फिर फरार हो गया।महागामा के एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि आरोपी ने अन्य बैंकों की तुलना में ज्यादा ब्याज देने का झांसा देकर लोगों से बड़ी रकम जमा करवाई। इस मामले में महागामा थाना क्षेत्र में आरोपी के खिलाफ सात और गोड्डा नगर थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान पता चला कि नमित कुमार अपनी पहचान छिपाकर लगातार किराए के मकानों में स्थान बदलकर रह रहा था। लंबी छानबीन के बाद 17 मई को पुलिस ने उसे रांची से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि इस ठगी कांड में शामिल अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सिंदूर यात्रा' में हजारों महिलाओं ने नारी सम्मान और सैनिकों के पराक्रम का किया जयघोष

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**हाथों में सिंदूर कलश लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने की यात्रा की अगुवाई, सिंदूर लगाकर नारी शक्ति ने एकजुटता का दिया संदेश**





**जमशेदपुर।** सिंदूर हर भारतीय नारी के सम्मान, संस्कृति और सुहाग की प्रतीक है। जब पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने पहलगाम में देश की बहनों के सिंदूर को मिटाने का दुस्साहस किया, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प में देश की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकियों को उनके ही घर में घुसकर मिट्टी में मिलाया और पूरी दुनिया को भारत की सैन्य शक्ति का परिचय दिया। सेना की इसी वीरता का उद्घोष करने, बहनों के सिंदूर का सम्मान पुनः स्थापित करने तथा आतंकी घटना के पीड़ित बहनों को संबल देने के उद्देश्य से जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में रविवार को ह्लसिंदूर यात्राह्व का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की हजारों माताओं-बहनों ने हाथों में सिंदूर और तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस यात्रा में विधायक पूर्णिमा साहू ने भी भाग लिया और मिट्टी के कलश सिंदूर लेकर यात्रा की अगुवाई की। सिंदूर यात्रा गोलमुरी जॉगर्स पार्क से प्रारंभ होकर गोलमुरी चौक, श्रीहनुमान मंदिर चौक, फूड प्लाजा के रास्ते गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर समाप्त हुई। शहीद स्मारक पर विधायक पूर्णिमा साहू समेत अन्य महिलाओं ने शहीद वीर सपूतों के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। यात्रा में देशभक्ति गीतों के संग सैनिकों की वीरता और देशभक्ति को समर्पित नारों के साथ पाकिस्तान के खिलाफ नारे गुंजायमान रहे। वहीं, महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर संदेश दिया कि नारी शक्ति देश की सुरक्षा और गरिमा के लिए हमेशा सजग और एकजुट हैं।

इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में मातृशक्ति की ओर से सिंदूर यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा का उद्देश्य हमारे सुहाग की रक्षा करनेवाले जांबाज सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करना है। कहा कि हम चाहते हैं कि वीर जवानों के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाएं और देश की रक्षा और उनके संघर्ष के लिए उनका शुक्रिया अदा करें। उन्होंने कहा कि सिंदूर को मिटाने का अंजाम क्या हो सकता है उसे पाकिस्तान और उसके पालतू आतंकियों ने देखा। बहनों की सिंदूर को मिटाने की कोशिश करने वालों को हमारे सैनिकों ने दिखा दिया कि सिंदूर की रक्षा करने के लिए भारत किस हद तक जा सकता है। सिंदूर यात्रा में हजारों माताओं-बहनों ने संदेश दिया कि वे सेना और आतंकी हमले की पीड़ित बहनों के साथ खड़ी हैं। पूर्णिमा साहू ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो इस देश की नारियां भी घरों से निकलकर हाथों में शस्त्र उठाकर देश की रक्षा के लिए आगे आने से पीछे नहीं हटेगी।

यात्रा में राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलू मछुआ, सुधा यादव, उर्मिला दास, बिमला साहू, संजना साहू, रूपा देवी, शीलू साहू, मधु तांती, रूबी झा, रेणु शर्मा, लकी सिंह राजपूत, रीना चौधरी, कैलाशपति मिश्रा, मीनू देवी, मीरा साहू, सोनिया साहू, सरस्वती साहू, दशमी पूर्ति, मिस्टू सोना, मीणा सिन्हा, ममता भूमिज, लक्की कौर, रानी ठाकुर, मिली सिंह, लीना चौधरी, मीरा झा, पद्मा देवी, मुनमुन भट्टाचार्य, दुर्गा सेनापति, संजुला देवी, सिन्नी सोय, सुकुरमुनि हेम्ब्रम, सीता हेम्ब्रम, कपुरा होनादा, कपुर्रा सुंडी, रीना मुखी, पूनम मुखी, बबिता मुखी, सीमा मुखी समेत हजारों महिलाएं मौजूद रही।

## साकची गुरुद्वारा में प्रधान पद को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जमशेदपुर के साकची गुरुद्वारा में प्रधान पद को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है जहां उम्मीदवार अपनी जीत का दावा कर रहे है वही वर्तमान प्रधान ने अपने 3 साल की उपलब्धि को लेकर अपने संगत के बीच जाने का ऐलान किया है

साकची के एक होटल में साकची गुरुद्वारा के वर्तमान प्रधान निशान सिंह के द्वारा संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मीडिया के समक्ष अपने 3 साल के कार्यकाल का बुरा प्रस्तुत किया जहां संवाददाता सम्मेलन में निशान सिंह के साथ गुरुद्वारा के महासचिव परमजीत सिंह काला एवं कोषा अध्यक्ष जसवीर सिंह गांधी मौजूद थे वहीं वर्तमान कमेटी के द्वारा अपने 3 साल की उपलब्धियां को मीडिया के समक्ष रखते हुए चुनावी प्रचार की शुरूआत का ऐलान किया गया है जहां मीडिया से बात करते हुए गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह एवं परमजीत सिंह काला ने कहा कि 3 वर्ष पहले हम लोगों ने अपने संगत से जो चुनावी वादा किया था काम उससे अधिक हुआ है और हम अपने काम को लेकर संगत के बीच चुनावी प्रचार के लिए जा रहे हैं वहीं परमजीत सिंह काला ने कहा कि विपक्ष का आरोप निराधार है हम हर वर्ष बैसाखी के दिन गुरुद्वारा का हिसाब किताब ऑडिट के बाद संगत के बीच रखते हैं विपक्ष हमारी उपलब्धियां से घबराकर हमारी टीम पर गलत आरोप लगा रही है

## आदित्यपुर पुलिस ने नवजात शिशु के शव को कब्र निकाल पोस्टमार्टम के लिए के लिए भेजा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**राष्ट्र संवाद के खबर का असर**


जमशेदपुर
रविवार, 18 मई , 2025
05
rashtrasamvad.com
सार-संक्षेप
नवजात का शव मिलने से इलाके में सनसनी
राष्ट्र संवाद संवाददाता
आदित्यपुरः सरायकेला- खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत राम मड़ैया बस्ती न्यू पुलिया के समीप मृत अवस्था में एक नवजात का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बगैर पुलिस को सूचित किए शव को दफना दिया. सूत्रों की माने तो बीती रात आरआईटी क्षेत्र से एक लड़का- लड़की को स्थानीय लोगों ने भागकर आते देखा था. आशंका जताई जा रही है कि उक्त नवजात उन्हीं का है, मगर इसपर किसी के पास कोई ठोस और पुख्ता प्रमाण नहीं है.



आदित्यपुर थाने की पुलिस ने राम मड़ैया बस्ती के समीप रेलवे के नए पुल के नीचे से एक नवजात शिशु के शव को कब्र से खोद कर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नवजात का शव रेलवे ब्रिज के नीचे दफनाया गया है. सूचना के सत्यापन हेतु वरीय अधिकारियों के निर्देश पर दंडाधिकारी की तैनाती करते हुए खुदाई करने पर मृत अवस्था में नवजात का शव बरामद किया गया जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. बता दें कि शनिवार तड़के बस्ती के लोगों ने नवजात के शव को रेलवे ब्रिज के नीचे देखा था. मगर बिना पुलिस को सूचित किये उसे वहीं दफना दिया था.

सोशल मीडिया में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिसके बाद प्रशासन हरकत में आई. शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बच्चे का जन्म किसी अस्पताल में हुआ है. हालांकि अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असल बात सामने आ सकेगी. मौके पर दंडाधिकारी के रूप में गम्हरिया सीओ कुमार अरविंद बेदिया, सब इंस्पेक्टर सुरेश राम सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे.

## संसद रत्न से तीसरी बार नवाजे जाएंगे सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जताया हर्ष

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो को एक बार फिर प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है। यह तीसरा अवसर है जब सांसद महतो को इस सम्मान से नवाजा जा रहा है। इस घोषणा के बाद जमशेदपुर के भाजपा कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद विद्युत महतो को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो को संसद रत्न पुरस्कार मिलना भाजपा कार्यकताओं के साथ पूरे लौहनगरी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सांसद विद्युत महतो ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में जनहित से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए ठोस और स्थायी समाधान की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके कार्यकुशलता, सक्रिय भागीदारी, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और दूरदर्शी सोच के कारण उन्हें यह सम्मान



मिल रहा है, जो वास्तव में जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। सुधांशु ओझा ने विश्वास जताया कि सांसद विद्युत महतो भविष्य में भी इसी समर्पण भाव से जनता की सेवा करते रहेंगे और लौहनगरी जमशेदपुर को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएंगे।

**संसद रत्न पुरस्कार जमशेदपुर की जनता के समर्थन और विश्वास की जीत: प्रेम झा**

वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर के मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने भी सांसद विद्युत महतो को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान एक ओर जहां सांसद विद्युत महतो के अथक परिश्रम और विकास कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। तो वहीं, लौहनगरीवासियों के विश्वास और समर्थन का भी सम्मान है। कहा कि संसद भवन में सक्रिय भागीदारी, सवाल पूछने, मुद्दों को उठाने और नीतिगत चचाओं में प्रभावशाली योगदान देने के लिए विद्युत वरण महतो लगातार सराहे जाते रहे हैं। श्री महतो को संसद रत्न जैसा प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलना भाजपा कार्यकताओं के साथ जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव की बात है।

गौरतलब है कि संसद रत्न पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 2010 में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन और ई-मैगजीन 'प्रिंसेस' द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम के सुझाव पर की गई थी। इस पुरस्कार का उद्देश्य संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को प्रोत्साहित करना और उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना है। तब से अब तक यह पुरस्कार देश के सर्वश्रेष्ठ सांसदों को उनकी कार्यक्षमता, संसदीय भागीदारी और जनहित कार्यों के लिए प्रदान किया जाता रहा है।

## गीता थिएटर एवं नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर द्वारा नशा मुक्ति एवं सीपीआर जानकारी हेतु नुक्कड़ नाटक सभा आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता




उपायुक्त कार्यालय एवं जमशेदपुर प्रेस क्लब के समाने शहर की नाट्य संस्था गीता थिएटर के युवा कलाकारों ने नशा मुक्ति अभियान जन जागरूकता के तहत नशा करें नाश नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जिसमें दशार्या गया कि कैसे आज के युवा नशा के कारण ना चाहते हुए भी असमाजिक एवं अपराधी गतिविधि में शामिल हो जाते हैं उनका शरीर समय से पहले ही वृद्धावस्था में चला जाता है।

वहीं दूसरे दृश्य में नाट्य ढंग से आपातकालीन स्थिति में मरते हुए व्यक्ति को हम कैसे सीपीआर देकर कुछ देर तक जीवित रख सकते हैं कैसे- क्या करना चाहिए उन सभी जानकारी दी गई।

मौके पर उपस्थित नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर चीफ वार्डन दयाशंकर मिश्र ने दर्शकों को सम्बोधित करते कहा कि पिछले दिनों देश में जो भी बीता वैसी स्थिति देश में अब कभी भी बन सकती है जिसके लिए देश के युवाओं को तैयार रहना होगा।

अंत में गीता थिएटर के कलाकारों ने उपस्थित सभी दर्शकों को नशा मुक्त जमशेदपुर निर्माण करने के लिए जन जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा बनें और नशापान से दूर रहने हेतु शपथ ग्रहण करवाया गया।

कार्यक्रम में गीता थिएटर, नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर स्वयंसेवी, रॉबिन हुड आर्मी, लियो क्लब ऑफ जमशेदपुर के वॉलिंटियर एवं हिन्द आईटीआई के युवा छात्र गण सम्मिलित हुए।

## तुलसी भवन में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती एवं कथा मंजरी आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक ₹कथा मंजरी₹ सह आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जयंती समारोह आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र ने की । जबकि धन्यवाद ज्ञापन साहित्य समिति के उपाध्यक्ष अशोक पाठक 'स्नेही' ने किया । दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरूआत हुई । सरस्वती वंदना नीलाम्बर चौधरी ने प्रस्तुत किया । स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ० प्रसेनजित तिवारी ने दिया । तदनुपरान्त द्विवेदी जी का संक्षिप्त साहित्यिक जीवन परिचय कैलाश नाथ शर्मा ने प्रस्तुत किया ।

कार्यक्रम के दुसरे सत्र 'कथा मंजरी' के मौके पर विभिन्न विषयों को स्पर्श करती हुई कुल १४ कहानियों का पाठ किया गया, जिसकी समीक्षात्मक टिप्पणी कथा पाठ के उपरान्त श्री अरुण कुमार तिवारी ने अपने आशीर्वचन के दौरान की ।

इस अवसर पर मुख्य रुप से सर्वश्री / श्रीमती रागिनी भूषण, अरुण कुमार तिवारी, डॉ० यमुना तिवारी 'व्यथित', डॉ० अजय कुमार ओझा, अशोक पाठक 'स्नेही', कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', विजय लक्ष्मी वेदुला, नीता सागर चौधरी, वसंत जमशेदपुरी, डॉ० वीणा पाण्डेय 'भारती', हरभजन सिंह रहबर, विद्या शंकर विद्यार्थी , संजय पाठक 'सनेही', जितेश कुमार तिवारी , निशांत सिंह , सुजय कुमार, ममता कर्ण सहित अनेक साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

## समाजसेवी दीपचंद अग्रवाल और अशोक अग्रवाल ने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के महाभोग प्रसाद का किया आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



पूर्वी सिंहभूम जिले के मारवाड़ी समाज के समाजसेवी दीपचंद अग्रवाल और अशोक अग्रवाल ने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के महाभोग प्रसाद का आयोजन तुलसी भवन में किया। आयोजन पुरी की परंपरा के अनुसार हुआ। इस अवसर पर पंच कन्याओं का सामूहिक विवाह भी कराया गया। महाभोग प्रसाद तैयार करने के लिए पुरी से विशेष कारीगर बुलाए गए थे।कार्यक्रम में घाटशिला अनुमंडल के जादूगोड़ा, मुसाबनी, घाटशिला और चाकुलिया से समाजसेवी पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक सरयू राय और विधायक पूर्णिमा साहू भी शामिल हुए। मारवाड़ी अग्रवाल समाज सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक उर्फ गोल्डी ,, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, लिपू शर्मा, दीपक पारीक, ओमप्रकाश रिंगसिया,समेत के कई सदस्य भी मौजूद रहे। जादूगोड़ा से जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, घाटशिला से राजेश जैन, ललित अग्रवाल, सुनील जैन और मुसाबनी से समाजसेवी दिनेश साहू समेत कई लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। महाभोग प्रसाद में शामिल भक्तों को भगवान का प्रसाद भी वितरित किया गया।

## सार-संक्षेप

### एक राष्ट्र एक चुनाव के चाईबासा प्रभारी बनाए गए रवि शंकर तिवारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट एक राष्ट्र एक चुनाव जो की विकसित भारत 2047 साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है इस दृष्टिकोण से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के दिशा निर्देश पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जमशेदपुर निवासी रवि शंकर तिवारी को झारखंड के चाईबासा का प्रभारी बनाया गया है अपने मनोनय पर रवि शंकर तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसके लिए चुना जाना सौभाग्य की बात है इसके लिए श्री तिवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू सहित झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष रविंद राय प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह सहित सभी प्रदेश के नेताओं का आभार जताया है उन्होंने कहा पार्टी ने जिस विश्वाश के साथ मुझे इन कार्यों के लिए चुना है मैं पार्टी द्वारा दिए हुए कार्यों को निष्ठापूर्वक करूंगा

श्री तिवारी ने बताया इस कार्यकर्म के तहत झारखंड प्रदेश के जिला एवम मंडलों में छोटी-छोटी बैठकर कर एक राष्ट्र एक चुनाव गोष्टी करना है जिसके निमित्त भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन साहू जी के दिशा निर्देश पर जिला प्रभारी बनाए गए हैं जो निम्न प्रकार हैं

### अंसार खान के प्रयास से गुलाब बाग फेस 2 में नाली का निर्माण शुरू हुआ




राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक पूर्व प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व मानगो नगर निगम के द्वारा नाली का निर्माण शुरू हुआ। इसी बीच गुलाब बाग फेस टू के बस्ती वासियों ने अंसार खान को बुलाया। बस्ती वासियों ने जहां नाली बन रहा था वहां ले जाकर अंसार खान को दिखाया।

अंसार खान ने कहा गुलाब बाग जो मेन रोड है जहां पानी बह रहा है ठेकेदार को बोलकर वहां भी काम लगाया जाए। अंसार खान ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया है कल मानगो नगर निगम के पदाधिकारी से मुलाकात करेंगे। आज बस की वीडियो में मोहम्मद निजामुद्दीन, अजहर अली, मोहम्मद रियाज, महबूब अली, मोहम्मद मेहताब, मोहम्मद सरफराज, हिफजुर्रहमान, मोहम्मद फहद, मोहम्मद तुफैल, आदिल खान मौजूद थे।

### पेट्रोल पंप लुट मामले का खुलासा, हथियार के साथ एक गिरफ्तार



राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना अंतर्गत एक पेट्रोल पंप से लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फिरोज अंसारी उर्फ जल्ला फिरोज कपाली का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा और दो गोली बरामद किया है। जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि घटना में शामिल दूसरे आरोपी अफजल अंसारी को जमशेदपुर पुलिस ने ओडिशा पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पेट्रोल पंप में लुट की घटना को अंजाम देने के बाद ओडिशा के रायरंगपुर में भी एक दुकानदार को गोली मारकर लूट लिया था। उन्होंने बताया कि फिरोज अंसारी के खिलाफ झारखंड समेत छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में भी कई मामले दर्ज है।

### अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को बेरहमी से कुचला, हालत गंभीर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल:**चांडिल थाना क्षेत्र के दो नंबर रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार शाम करीब 4:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चांडिल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित सफेद कार ने विपरीत दिशा से जमशेदपुर की ओर जा रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार को करीब 60 फीट तक घसीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को एंबुलेंस से जमशेदपुर के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। घायल युवक की पहचान बोकारो जिले के चंदनक्यारी थाना अंतर्गत ब्राह्मण बाघला गांव निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह टाटा लॉन्ग प्रॉडक्ट, गम्हरिया में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और छुट्टी में घर जा रहा था।

फिलहाल चांडिल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है

### गरीब महिला सब्जी बिक्रेताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए युवाओं की टोली निकली



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है, वंही इस गर्मी से गरीब महिला सब्जी बिक्रेताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए युवाओं की टोली निकल पड़ी है, आज इस युवाओं की टोली ने साकची सब्जी बाजार मे गरीब महिला सब्जी बिक्रेताओ के बिच छाता और हवाई चपल का वितरण किया हैं, इन युवाओं की टोली हर वर्ष गर्मी मे गरीबों को राहत दिलाने के लिए हर संभाव प्रयास करते है, इसी कड़ी मे आज इन युवाओं ने गरीब महिला सब्जी बिक्रेताओं के बिच हवाई चपल और छाता का वितरण किया है, इनका कहना है कि शहर मे काफी गर्मी है, और सभी गरीब महिला सब्जी बिक्रेता पटमदा से गर्मी मे रोज आती है और घंटो गर्मी मे बैठ कर सब्जी बेंचती है, उनका यह भी कहना है कि हर कोई इन गरीब लोगों की मदद करें तो इन गरीबों को भी इस भीषण गर्मी मे थोड़ी राहत मिल जाएगी।

## संपादक की कलम से

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में थरूर को शामिल करने पर कांग्रेस को परहेज क्यों ?

**देवानंद सिंह**




भारत लंबे समय से सीमापार आतंकवाद की चुनौती से जूझता आ रहा है। यह न केवल सुरक्षा का मसला है, बल्कि भारत की विदेश नीति, कूटनीति और राष्ट्रीय एकता की परीक्षा भी है। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा घोषित सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन इसी दिशा में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। इन प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को स्पष्ट करना है, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी और अस्थायी सदस्य देशों तथा भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदारों के समक्ष।

हालांकि, यह कदम राष्ट्रीय हित की दिशा में सराहनीय लगता है, लेकिन इसकी घोषणा के तुरंत बाद उत्पन्न हुआ विवाद भारतीय राजनीति के अंतर्विरोधों को उजागर करता है, विशेषकर तब जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर को एक प्रतिनिधिमंडल का अध्यक्ष बनाए जाने पर उनकी ही पार्टी ने असहमति जताई। 'ऑपरेशन सिंदूर' एक बड़ा आतंकवाद-निरोधी सैन्य अभियान था, जिसे हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पुंछ-राजौरी क्षेत्र में अंजाम दिया गया। यह अभियान न केवल आतंकियों के खात्मे में सफल रहा, बल्कि इससे यह भी संकेत गया कि भारत अब सीमापार आतंकी हमलों को लेकर रिऐक्टिव नहीं, बल्कि प्रोऐक्टिव नीति अपना रहा है। इस अभियान की पृष्ठभूमि में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन एक ठोस संदेश देता है कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत का रुख राजनीतिक सहमति और राष्ट्रीय एकता पर आधारित है।

इन प्रतिनिधिमंडलों के दौरे का मकसद है कि भारत के साझेदार देशों और सुरक्षा परिषद के सदस्य राष्ट्रों से यह अपेक्षा करना कि वे आतंकवाद और उसे समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ ठोस कूटनीतिक तथा आर्थिक कार्रवाई करें। इस कदम से यह स्पष्ट होता है कि भारत अब आतंकी नेटवर्कों के विरुद्ध केवल सैन्य नहीं, बल्कि बहुपक्षीय कूटनीति को भी हथियार बना रहा है। जब भारतीय सूचना प्रसारण विभाग ने प्रतिनिधिमंडल के सात नेताओं की घोषणा की, तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर का नाम उसमें शामिल था। थरूर, संयुक्त राष्ट्र में उच्च पद पर कार्य कर चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सशक्त आवाज रहे हैं, उन्हें इस भूमिका में देखना स्वाभाविक और तर्कसंगत प्रतीत होता है, लेकिन हैरानी तब हुई, जब कांग्रेस पार्टी की ओर से जयराम रमेश ने एक्स पर स्पष्ट किया कि कांग्रेस द्वारा मंत्रालय को दिए गए चार नामों में शशि थरूर शामिल नहीं थे। जयराम रमेश के अनुसार, कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम भेजे थे।

इस घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए। क्या सरकार ने थरूर को जानबूझकर शामिल किया? या क्या यह थरूर की व्यक्तिगत स्वीकार्यता और अंतरराष्ट्रीय मामलों में विशेषज्ञता का संकेत है? अथवा कांग्रेस के भीतर ही कुछ ऐसा चल रहा है, जो उनके जैसे वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता को इस सूची से बाहर रखना चाहता है? इस पूरे विवाद पर शशि थरूर ने एक परिपक्व प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जब बात राष्ट्रीय हित की हो, और मेरी सेवाओं की जरूरत हो, तो मैं कभी पीछे नहीं हटूंगा। यह वक्तव्य एक अनुभवी राजनेता और पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रशासक की गरिमा के अनुरूप था। थरूर ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यह स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर वह भारत की सरकार के साथ खड़े हैं। बीजेपी ने इस अवसर को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया कि यदि, थरूर इतने सक्षम और वैश्विक मंचों पर भारत के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं, तो कांग्रेस ने उनका नाम क्यों नहीं भेजा? क्या यह राहुल गांधी की असुरक्षा का प्रतीक है? या पार्टी के भीतर प्रतिभाशाली नेताओं के प्रति असहिष्णुता का संकेत? वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस बहस को एक और दिशा दे दी। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से गौरव गोगोई पर निशाना साधा और यह सवाल उठाया कि एक ऐसे सांसद को क्यों नामित किया गया, जिन्होंने कथित रूप से पाकिस्तान में दो सप्ताह बिताने से इनकार नहीं किया? सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की संकल्पना का मूल उद्देश्य यही होता है कि देश के प्रमुख राजनीतिक दल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक सुर में भारत की नीति और चिंता को सामने रखें, लेकिन इस बार जो शुरूआती विवाद उत्पन्न हुआ है, वह इस पहल की विश्वसनीयता पर आंशिक संदेह उत्पन्न करता है। सवाल यह भी है कि क्या सभी दल इस दौरे को केवल 'राजनीतिक प्रदर्शन' या 'प्रोटोकॉल फॉर्मेलिटी' मानेंगे, या वास्तव में इसे एक अवसर के रूप में लेंगे, जिससे वे भारत की छवि को आतंकवाद-निरोधी वैश्विक नेतृत्व में बदलने में योगदान दें?

कांग्रेस जैसी पार्टी, जिसने दशकों तक भारत की विदेश नीति को आकार दिया है, उसका यह व्यवहार दशार्ता है कि या तो वह सरकार के साथ किसी प्रकार के विश्वास संकट से जूझ रही है, या फिर वह आंतरिक गुटबाजी से ग्रस्त है। शशि थरूर जैसे नेताओं को किनारे करना केवल एक संगठनात्मक भूल नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की स्थिति को भी कमजोर करता है। दूसरी ओर, बीजेपी की रणनीति स्पष्ट है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों को केवल शासन का नहीं, बल्कि समग्र 'राष्ट्रवाद' के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करती है। उसकी कूटनीतिक आक्रामकता, चाहे वह ऑपरेशन सिंदूर हो या सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल, स्पष्ट संकेत देती है कि वह भारत को एक निर्णायक स्वरूप में विश्व के समक्ष प्रस्तुत करना चाहती है।

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में जहां विचारधाराओं का टकराव स्वाभाविक है, वहां राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमापार आतंकवाद जैसे मुद्दों पर एकरूपता अपेक्षित है। शशि थरूर की नियुक्ति को लेकर उपजा विवाद यह दशार्ता है कि राजनीतिक दलों को अब अपनी प्राथमिकताओं को पुनः परिभाषित करना होगा।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उत्पन्न रणनीतिक वातावरण में यह जरूरी है कि भारत की आवाज विश्व मंचों पर एक स्वर में सुनी जाए न कि राजनीतिक विवादों और आंतरिक असंतोषों के शोर में दब जाए। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल तभी प्रभावी हो पाएंगे, जब उन्हें केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत की सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रतीक माना जाए। इस पूरे घटनाक्रम में यह बात पुनः स्पष्ट होती है कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सिर्फ. सैन्य नहीं, कूटनीतिक मोर्चे पर भी एकजुटता चाहिए, और यह एकजुटता संसद से शुरू होनी चाहिए।



# अब भी पाक नहीं संभला तो उसका सर्वनाश अवश्यंभावी

**निशिकांत ठाकुर**



राष्ट्र को अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम पाकिस्तान को चेताया कि भारत अब परमाणु धमकी को नहीं सहेगा । युद्ध विराम के नियम के उल्लंघन का जो कृत्य पाकिस्तान ने किया है, वह अक्षम्य अंतर्राष्ट्रीय अपराध की ही श्रेणी में रखा जाएगा। वैसे युद्धविराम से अच्छा देशहित में कुछ भी नहीं हो सकता, लेकिन बार-बार इसके नियमों का उल्लंघन करना तो कोई पाकिस्तान से ही सीख सकता है। जो अपराध पाकिस्तानी चरमपंथियों ने किया है, उसका उचित जवाब हमारे जांबाज सेना ने अपने अदम्य साहस के दम पर उन्हें सबक सिखाकर दिया है। लेकिन, पाकिस्तान के राजनीतिज्ञों की सैनिकों के सामने चलती ही कहां है! यदि सरकार ने युद्ध विराम का ऐलान कर दिया था, तो उसकी बात को न मानना हमारे पड़ोसी देश के सैनिकों के लिए कोई नई बात नहीं है। वहां इसलिए सैनिकों ने सरकार का तख्ता पलटा है और तानाशाह सरकार बनकर राज करता रहा है। देश के राजनीतिक विश्लेषक अब यही मानते हैं कि सरकार ने युद्ध विराम का रास्ता चुनते हुए ऐलान कर दिया कि अब युद्ध नहीं होगा, लेकिन पाकिस्तानी सैनिकों को यह बात समझ में नहीं आई और वह युद्ध विराम के बाद भी लगातार हिंदुस्तान पर अपनी पूरी शक्ति से अब भी आक्रमण कर रहा है। अब युद्ध विराम किस त्रिपक्षीय हस्तक्षेप से किया गया है, यहां हम उसके भी कुछ कारण जो सामान्य भारतीय जनता तक पहुंच पाए हैं, उसे भी जानने का प्रयास करेंगे।

पाकिस्तानी कुश्रेष्टा का करारा जवाब देना तो भारत का धर्म बनता ही है, क्योंकि हमारे सैनिकों ने उनके ढेर सारे आतंकी संगठनों को मलबे में तब्दील कर दिया है। जिस तरह से 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देकर भारत ने पहलगाम में निरपराध पर्यटकों की सरेआम हत्या का आंशिक बदला तो लिया ही है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का अपराध अक्षम्य है, लेकिन फिलहाल जिस तरह से हमारे वायुसेना ने उसके नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया है, उसकी जितनी तारीफ की जाए, निश्चित रूप से कम होगी। भारत की ओर से कभी भी उसके आमलोगों पर हमला नहीं किया, लेकिन हां उन आतंकी ठिकाने को नष्ट जरूर किया, जहां उनकी ट्रेनिंग होती थी और जिन्हें आतंकी प्रशिक्षण केंद्र बना दिया गया था। लेकिन, पाकिस्तान अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगने के स्थान पर भारत से उलझने और युद्ध को ही हमेशा उचित माना, पर हर बार की तरह इस बार भी उसे हमारे जांबाज सैनिकों के बुलंद हौसलों के आगे पस्त होना पड़ा। भारत का उद्देश्य केवल यही था कि जो बार बार किसी न किसी तरह से हमारी सीमा में घुसपैठ करके निर्दोष लोगों को मार रहा है, उसे मिट्टी में मिलाने की जरूरत है। सरकार का साथ बिना शर्त के देश की एक एक नागरिक ने दिया और उनके समर्थन में खुलकर हर कदम पर साथ देने का फैसला किया। सरकार ने भी अपनी जनता के लिए पूरी तरह सतर्क होकर उन आतंकी संगठनों का नष्ट कर दिया, जो बार बार घुसपैठ करके हमारी सीमा पर निदोर्षों की हत्या करता आ रहा था। अबतक वे हत्यारे पकड़े गए या फिर मार दिए गए, इसकी कोई जानकारी मीडिया को नहीं दी गई है। ऐसे में यह कहना अभी उचित नहीं होगा कि उन हत्यारों को कब तक ढेर किया जाएगा।

विवाद तो यही है उस स्लीपर सेल को, जिनके सिग्नल के आधार पर पाकिस्तानी आतंकी पहलगाम में घुसे और अपने परिवार के साथ उस सुंदर छवि को निहारने आए निहत्थे लोगों को असमय काल के गाल में भेज दिया, वे कौन हैं? इसका पता लगाना और उसकी जड़ को स्थायी रूप से नष्ट करना ही हमारा उद्देश्य था। उनमें से कुछ गद्दार तो मार ही दिए गए, लेकिन जो पाकिस्तान से यहां आकर हत्या को अंजाम दे गए, वे अब किस बिल में छिपे हैं। भारतीय सैनिकों का कभी उद्देश्य यह नहीं रहा कि सामान्य जनता पर हमला किया जाए, लेकिन इतना उद्देश्य तो था ही कि उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया जाए। भारतीय वायुसेना ने अपने अदम्य साहस दिखाते हुए उन आतंकी ठिकानों को चुनचुनकर ध्वस्त किया, जहां से प्रशिक्षण पाकर भारत जैसे शांतिप्रिय गांधीवादी देश में दर्जनों जान ले लेते हैं। स्वाभाविक है कि, जिन आतंकी संगठनों को वहां की सरकार और सैनिक पालते थे, उन ठिकाने को यदि नष्ट कर दिया जाएगा, तो वह बौखलाएगा। उसी बौखलाहट का परिणाम हुआ कि एकतरफा चाहे वहां के नेता हों, चाहे सैन्य अधिकारी, सब भारत के प्रति विश्व में घूम घूमकर विष वमन करने लगे। परिणाम क्या हुआ? आज भारत ने सभी देशों को धता बताकर उसकी हेकड़ी निकाल दी। शायद उससे कुछ सीख पाकिस्तान को मिले, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उसने सीमा पार से अपना ड्रोन फेंककर भारत को नुकसान पहुंचाने में लगा रहा। सच तो यह है कि उसकी पीठ पर चीन का हाथ है। इसका कारण यह है कि चीन उसके अंदर तक घुसा है और अपना हथियारों के साथ साथ चीनी उत्पाद बेचता रहा है। वह एक व्यावसायिक देश है, जिसे हर चीज में केवल अपना हानि-लाभ ही दिखाई देता है।

पिछले दिनों की कार्यवाही के बाद भारतीय सेना की मिसाइलों की जद में जिस तरह पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने आ गए हैं, उससे पड़ोसी देश की चिंता कहीं और बढ़ गई है। बताया जाता है कि पाकिस्तान का परमाणु ठिकाना राजधानी इस्लामाबाद से कुछ किलोमीटर दूर रावलपिंडी के करीब है। रावलपिंडी के चकनाला में नूर खान एयरबेस है। पिछले दिनों 10 मई की सुबह एयरबेस पर हमला किया गया। जिसके लिए कहा यह जा रहा है कि यह हमला ब्रह्मोस मिसाइल के द्वारा किया गया जिसने नूर खान एयरबेस को तहस नहस कर दिया और एयरबेस पर भारी तबाही मच गई। इस अप्रत्याशित हमले के कारण पाकिस्तानी सैनिकों और सरकार में खलबली मची है। नूर खान एयरबेस के नुकसान के बाद पाकिस्तानी राजनीतिज्ञों को और सैनिकों की समझ में यह बात आ गई है कि अब जिस परमाणु हथियार के बल पर वह अपना सीना ठोक रहा था, उस पर कभी भी हमला करके उन्हें नष्ट किया जा सकता है। अब पहली बार पाकिस्तान को यह एहसास हो गया है कि भारतीय सैन्य शक्ति के सामने उसकी एक नहीं चलने वाली है और उसकी सारी हेकड़ी निकलने वाली है। सच तो यह है कि भारत कभी इस पक्ष में नहीं रहा कि वह किसी भी तरह अपनी तरफ से युद्ध को अंजाम दे, लेकिन कायर पाकिस्तान भारत की शान्तिप्रियता को उसकी कमजोरी माना। याद कीजिए जिस दिन से उसके आतंकियों ने पहलगाम में निदोर्षों को मारा, उसके बाद वह भारत को धमकाने के लिए क्या कुछ नहीं कहा, लेकिन जब भारत से उसका आमना सामना हुआ, तब उसकी समझ में भारतीय सैन्य शक्ति समझ में आ गई।

अब भारत में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि भारत पाकिस्तान में युद्ध विराम की मध्यस्थता क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे? इसलिए सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि सर्वदलीय बैठक फिर से बुलाई जाए और उस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागीदारी जरूर हो, क्योंकि पिछली सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री उपस्थित नहीं थे। साथ ही कांग्रेस ने कहा है कि इस स्थिति में कांग्रेस बिना शर्त के सरकार के साथ है और इसके लिए संसद सत्र बुलाया जाए। इसी बीच भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दो टूक जवाब देते हुए कहा है कि वह, भारत-पाकिस्तान के मामले में युद्ध विराम का श्रेय न ले। इसी तरह डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि 'उन्हें भारत और पाकिस्तान के मजबूत नेतृत्व पर गर्व है जिसमें इस बात को समझने की पर्याप्त बुद्धिमत्ता है, ताकत और दूरदर्शिता है कि मौजूदा आक्रामकता को समाप्त करने का यह सही समय है, नहीं तो इससे ज्यादा विध्वंस और मौतें होतीं।' डोनाल्ड ट्रंप या किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष ने युद्ध को रोकने की अपील की है, तो उसका निर्णय सही हो या गलत, उसे मान लिया जाए, लेकिन यदि कोई सुझाव दे, तो भारत उसे उसी परिप्रेक्ष्य में देखे। भारत कभी भी युद्ध नहीं चाहता, पर उसे युद्ध करने के लिए बार-बार बाध्य किया जाता रहा है, लेकिन इस बार पाकिस्तान को भारतीय सैन्य शक्ति और एकता दिखाते हुए जो सबक सिखाया, उसे आसानी से वह भूलेगा नहीं और भारतीय सीमा में उसके आतंकी घुसने से पहले सौ बार सोचेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)**

# शस्त्र और शास्त्र की लड़ाई

**राकेश सिन्हा**



ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता सिर्फ पाकिस्तान के पराजय और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब तक सीमित नहीं है। इसकी अहमियत का बड़ा फलक है। सैन्य कार्रवाइयों का स्वाभाविक उद्देश्य देश के सम्मान और संप्रभुता की रक्षा होता है। इसलिए उस दौरान आ उससे जुड़े दूसरे आयाम गौण रहते हैं।

यह एक त्रासदी है कि कुछ बुद्धिजीवी राजनीति के साए से बाहर नहीं निकल पाते हैं। बुद्धिजीवी और राजनीतिक कार्यकर्ता के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। बुद्धिजीवी जमीन पर घटी घटनाओं से तात्विक बातों का साक्षात्कार तभी कर पाता है, जब वह अपने आप को राजनीतिक पूर्वाग्रह से अलग कर लेता है। 'आपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में यह साफ दिखाई पड़ा।

'आपरेशन सिंदूर' के महत्त्वपूर्ण सैद्धांतिक वैचारिक आधार पर विमर्श करने की आवश्यकता है। भारत ने आतंकवादी कार्रवाई को स्थानीयता के आईने से नहीं देखा, बल्कि इसे राष्ट्र पर हमला माना और इसे अंजाम देने वाले देश के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई के स्वरूप में प्रतिकार को नैतिक माना। ऐसे तो 9/11 के बाद अमेरिका ने भी पाकिस्तान में घुसकर सैन्य कार्रवाई की थी, पर अमेरिकी नेतृत्व ने उसे अपनी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वह ताकत के तर्क पर आधारित था। इससे बिल्कुल अलग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई का आधार तर्क की ताकत बनाया। यह एक बड़ा सैद्धांतिक अंतर होता है, जो आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में अधिष्ठान परिवर्तन की तरह है।

पिछले चार दशकों से भारत सांप्रदायिक फासीवादी सोच से उपजे आतंकवाद का शिकार रहा है। आतंकवाद ने कश्मीर घाटी को 'हिंदू मुक्त' करने का सुनियोजित काम किया। पिछले महीने रामनवमी (7 अप्रैल) को कश्मीर के अनंतनाग में पैंतीस साल बाद पहली बार शिव-पार्वती (उमा) मंदिर में पूजा हुई। वहां अस्सी हिंदू परिवार रहते थे। सांप्रदायिक आतंकवाद ने एक को भी रहने नहीं दिया था। हम दशकों तक घुटने टेक कर और मस्तिष्क को स्वरचित लक्ष्मणरेखा के दायरे में रखकर आतंकवादियों से लड़ते थे। जाहिर है, अपने कारणों से लड़ाई में हम कमजोर पड़ जाते थे।

हर आतंकवादी घटना को भारत के बुद्धिजीवी सांप्रदायिक विमर्श का हिस्सा बनाकर उलझाते रहे। यहां तक कि आतंकवादियों का मानवाधिकार के नाम पर परोक्ष बचाव भी कर दिया जाता था। भारत में मानवाधिकार संगठनों, पीयूसीएल, पीयूडीआर आदि के पतन का यह मुख्य कारण बना। इसी बौद्धिक तमाशे ने कश्मीर में जनसंहार को उसकी कथित स्वायत्तता और स्वतंत्रता से ढकने का काम किया था। मोदी युग में यह सब पूर्वजन्म की कहानी की तरह है। 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद 'आतंकवाद की प्रयोगशाला', 'पर्यटन के प्रायोजक' में तब्दील हो गई। 2023-24 में देश विदेश के तीस लाख पर्यटक कश्मीर पहुंचे थे। यह पाकिस्तान को रास नहीं आया। दीये के बुझने से पहले उसकी लौ तेज हो जाती है। यही 22 अप्रैल, 2025 को हुआ। आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या करके भारत की पंथनिरपेक्षता पर सामने से घात किया। धर्म पूछ कर, कलमा पढ़ा कर, कपड़े उतारकर धर्म विशेष की पुष्टि कर उनको चयनित कर गोलियां चलाई गई। उत्तेजना, प्रतिशोध और सड़क छाप हिंसक लड़ाई के लिए यह यथेष्ट था। पाकिस्तान के 'थिंक टैंक' को भी यही उम्मीद थी। पर हुआ उसका ठीक उल्टा। भारतीयों का धैर्य और साख अखंडित रूप से बना रहा। भारत की पंथनिरपेक्षता इसकी आत्मा है। देश के ऐतिहासिक समुदाय ने हजारों वर्षों से वज्रपात को झेलते हुए भारत के विचार को मरने नहीं दिया। इसी समुदाय ने चेरामन (केरल में) मंदिर को मस्जिद बनाकर भेंट दिया था तो बाबर की असहिष्णुता से अयोध्या में ढाहे गए मंदिर को शताब्दियों बाद अपनी सबल इच्छाशक्ति से फिर मंदिर के रूप में प्राप्त किया। पंथनिरपेक्षता विचार और व्यवहार, दोनों में होने का प्रमाण है। हिंदुओं द्वारा भारत के मुसलमानों को पाकिस्तान के मुसलमानों से अलग देखना ही उत्तेजना और प्रतिशोध को अंकुरित नहीं होने दिया। प्रतिकूलता में ही विवेक की परीक्षा होती है। भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि हिंदू मुस्लिम प्रश्न इतिहास के प्रति दृष्टि और अल्पसंख्यकवाद की घड़ियाली प्रवृत्ति के विरोध तक मोटे तौर पर सीमित है। यह राष्ट्रीयता और भ्रातृत्व खंडित नहीं करता है। 'हम भारत के लोग' का यह फौलादी व्याकरण दुनिया के सामने आया।

एक तीसरा आयाम भी है। पिछले चार युद्धों 1948, 1965, 1971 औरभारत ने आतंकवादी कार्रवाई को स्थानीयता के आईने से नहीं देखा, बल्कि इसे राष्ट्र पर हमला माना और इसे अंजाम देने वाले देश के विरुद्ध युद्ध के स्वरूप में प्रतिकार को नैतिक माना। ऐसे तो 9/11 के बाद अमेरिका ने भी पाकिस्तान में घुसकर सैन्य कार्रवाई की थी, पर अमेरिकी नेतृत्व ने उसे अपनी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वह ताकत के तर्क पर आधारित था।

1999 में पाकिस्तान का इस्लामिक कार्ड उपयोग में आता रहा। 1965 और 1971 में तो 'आर्गनाइजेशन आफ इस्लामिक कारपोरेशन' और अरब लीग का खुला समर्थन पाकिस्तान को प्राप्त था। भारत का विपक्ष और उनके सहचर बुद्धिजीवी भाजपा और विशेषकर मोदी को मुसलिमों के शत्रु के रूप में दुनिया में प्रचारित करते रहे हैं। सेकुलर बुद्धिजीवी नई-नई पटकथा के द्वारा पिछले ग्यारह वर्षों से अल्पसंख्यकों के अस्तित्व के खतरे की काल्पनिक कहानी पुराने अंदाज में सुनाते रहे। पर यह देखने में विफल रहे कि लोक मानस 'सेकुलरिज्म की परिभाषा के लिए उन पर अब निर्भर नहीं है। इस्लामी देश बुद्धिजीवियों और विपक्ष द्वारा प्रचारित कहानियों से परिचित तो थे, पर प्रभावित नहीं हुए। भारत की स्वीकृति इस्लामी मुल्कों में बढ़ती चली गई।

यही कारण है कि पाकिस्तान को तुर्किये और अजरबैजान के अतिरिक्त किसी भी दूसरे इस्लामी देश का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं मिला। यह उसके इस्लामी कार्ड के अप्रासंगिक होने की सूचना भी है। मोदी युग की विदेश नीति को इसका श्रेय जाता है। इस्लामी मुल्को सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट और अफगानिस्तान ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया।

# डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

**डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# प्रत्येक मंगल एवं शुक्रवार को पोटका ब्लॉक मे लगेगा झामुमो का सहायता शिविर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न**





पोटका प्रखंड के तेतला स्थित इम्पेरियल रिसोर्ट में रविवार को झामुमो पोटका प्रखंड कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पोटका विधायक संजीव सरदार मौजूद रहे। इस बैठक में प्रखंड के 34 पंचायत कमिटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ झामुमो के केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड स्तर के कई नेता उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की समीक्षा की गई। इसके पश्चात संगठन को प्रत्येक पंचायत स्तर पर मजबूत करने और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विचार किया गया। प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने बताया कि सभी पंचायतों से दो-दो विकास योजनाओं के प्रस्ताव के साथ-साथ खराब जलमीनार, धुमकुड़िया भवन निर्माण एवं जाहेरथान घेराबंदी की सूची भी एकत्रित की गई है। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि झामुमो प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाएंगे।

**झामुमो कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं के सारथी बनें :संजीव सरदार**

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक संजीव सरदार ने कहा कि राज्य की जनता ने दोबारा झामुमो को सत्ता में भेजकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पोटका की जनता ने जिस भरोसे से उन्हें जीत दिलाई है, उस भरोसे को कायम रखने के लिए क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की उपेक्षा की, जिससे समुचित विकास नहीं हो पाया। अब झामुमो सरकार उस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएं और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय बनाएं।

बैठक में मुख्य रूप से सुनील महतो, शंकर चंद्र हेम्ब्रम, बबलू चौधरी, चंद्रावती महतो, जिकरुल होदा, विधासागर दास, कालिपदो सरदार, भुवनेश्वर सरदार, अनुपम मंडल, हितेश भगत, दुखु मार्डी, बिरेन पात्र, चंका सरदार, चक्रधर महतो, मो. जमाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक की अनुशंसित योजनाओं का हुआ निरीक्षण, निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने का निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**कोल्हान/बंदगांव** बंदगांव-चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सुखराम उरांव द्वारा अनुशंसित योजनाओं के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की भौतिक स्थिति का जायजा लेने हेतु विधायक सुखराम उरांव द्वारा बनाये गये टीम ने रविवार को बंदगांव प्रखण्ड का दौरा किया गया. निरीक्षण दल में चक्रधरपुर प्रखण्ड अध्यक्ष सन्नी उराँव, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम, नकटी पंचायत के मुखिया एवं बंदगांव विधायक प्रतिनिधि मिथून गागराई तथा झामुमो नेता प्रदीप महतो शामिल थे

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हुडंगदा पंचायत के परसाबहाल और नकटी पंचायत के इन्द्रूवाँ नदी में 5 स्पेन के पुलिया निर्माण तथा पोंगडा गांव में सड़क योजना स्थल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान ठेका कंपनी के कर्मियों से बातचीत करते हुए प्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया. स्थानीय लोगों ने भी इन योजनाओं के शीघ्र पूरा होने की उम्मीद जताई है, जिससे क्षेत्रीय आवागमन में सुधार आएगा. मौके पर सन्नी उरांव ने कहा कि योजना में गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए. इसमें कोताई बरती जाने पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा सभी योजनाएं जनकल्याणकारी योजना है. जिससे लोगों को लाभ मिल पाएगा .उन्होंने कहा परसा बहाल तथा इंदुरुवां नदी में पुलिया का निर्माण वर्षों से ग्रामीणों द्वारा की जा रही है. इसके फल स्वरुप विधायक जी के अनुशंसा से यहां पुलिया का निर्माण स्वीकृत किया गया है. यह पुलिया समय पर निर्माण हो जाए जिसको लेकर निरीक्षण किया जा रहा है.इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## कराईकेला के लाल बाजार गांव में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना



**कोल्हान /बंदगांव-** कराईकेला पंचायत के लाल बाजार गांव में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक लक्ष्मण कालन्दी की अध्यक्षता में संपन्न हुई .बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि लाल बाजार गांव में पेयजल की भारी समस्या है. लोगों को सही ढंग से पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने कहा यहां सोलर आधारित जल मिनार 5 वर्ष पूर्व विभाग की ओर से लगाया गया था. मगर उस जल मीनार में सही ढंग से पानी ही नहीं आता है. आज तक कभी भी जल मिनार भर ही नहीं पाया है. लोगों को पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि विधायक सुखराम उरांव से मांग किया जाएगा कि दूसरे जगह करीब 500 फीट डीप बोरिंग कर यहां जलमिनर लगाया जाए. और घर-घर में लोगों को पानी का सप्लाई किया जाए. जिससे लोगों को पानी पीने का मिल सके .उन्होंने कहा यह गांव पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पेयजल की समस्या वर्षों से हो रही है .खासकर गर्मी के दिनों में तो यहां लोगों को पेयजल के लिए सुबह 4 बजे से उठकर लाइन लगा पड़ता है. समस्या का समाधान अति आवश्यक है .मौके पर लक्ष्मण कालन्दी ने कहा कि पेयजल समस्या को दूर करने के लिए विधायक सुखराम उरांव के समक्ष एक प्रतिनिधिमंडल जाकर एक मांग पत्र सौंपेंगे. और यहां 500 फीट डीप बोरिंग की मांग की जाएगी .जिससे लोगों को पेयजल की समस्या नहीं हो. इस मौके पर अरुण कालन्दी ,अमरजीत कालन्दी, रामदेव कालन्दी ,सत्यनारायण कालन्दी, आर्तो कालन्दी, गिरधारी कालन्दी, ज्योत्सना कालन्दी ,वैजयंती कालन्दी, सुनीता कालंदी, बिलासी कालन्दी, कौशल्या कालन्दी, रीना कालन्दी, वसुंधरा कालन्दी, बसंती कालन्दी, पिंकी कालन्दी ,भानुमति कालन्दी ,समेत काफी संख्या में पुरुष एवं महिला उपस्थित थे.

## माझी परगना महाल एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम विस्तार योजना का किया विरोध

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**10 जून को उपायुक्त के समक्ष जोरदार प्रदर्शन**



**जमशेदपुर।** दिशोम जाहेरथान, करनडीह, जमशेदपुर में माझी परगना महाल, जुगसलाई तोरोप के माझी बाबा, पारानिक, गोडेत एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रस्सी परगना बाबा दशमत हंसदा ने की।

बैठक में मुख्य रूप से जमशेदपुर में नगर निगम विस्तार के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल करने की जिला प्रशासन की प्रस्तावित योजना पर विरोध जताया गया। साथ ही आदिवासियों के पारंपरिक धर्म ह्यसारना धोरोमह्न को मान्यता देने और झारखंड में पेसा नियमावली को शीघ्र लागू करने की मांग पर चर्चा की गई।

पारगना बाबा ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-उ के अनुसार, पाँचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में नगर निगम एवं नगरपालिका की स्थापना असंवैधानिक है। आदिवासी समाज पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के अंतर्गत जन्म से मृत्यु तक की सामाजिक गतिविधियाँ, पारंपरिक न्याय व्यवस्था, जल-जंगल-जमीन पर अधिकार और सामूहिक संरक्षण-संवर्धन में विश्वास रखता है।

नगर निगम बनने से आदिवासियों की अस्तित्व, पहचान और पारंपरिक व्यवस्थाएं खतरे में पड़ जाएंगी। न वे स्वशासन कर पाएंगे, न पारंपरिक न्याय व्यवस्था का निर्वहन हो सकेगा और न ही अपनी जमीन या संसाधनों पर स्वतंत्र रूप से अधिकार रख पाएंगे। हर कार्य के लिए नगर निगम पदाधिकारियों की अनुमति लेनी होगी।

वर्तमान में अधिकांश आदिवासी परिवारों के पास 10 बीघा या उससे अधिक भूमि है, लेकिन नगर निगम बनने पर उन जमीनों पर भारी कर (लगान) वसूला जाएगा, जिससे वे विवश होकर जमीन बेचने और पलायन करने पर मजबूर हो जाएंगे। यह पूरी योजना आदिवासियों को उनके भूमि अधिकार से वंचित कर भूमि हड़पने की एक साजिश है।

मुखिया संघ जमशेदपुर के महासचिव कान्हू मुर्मू ने कहा कि ₹ इसके लिए जोरदार आंदोलन किया जाएगा। ।

पाँचवीं अनुसूचित क्षेत्र में गर निगम बिल्कुल नहीं बनने दिया जाएगा।

माझी परगना महाल की ओर से मांग की गई किः

जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित वृहद जमशेदपुर नगर निगम योजना पर अविलंब रोक लगाई जाए एवं इसे पूरी तरह निरस्त किया जाए। केंद्र सरकार सारना धर्म कोड को शीघ्र मान्यता दे।

झारखंड सरकार पेसा कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करे।

इस मुद्दे पर 10 जून 2025 को माझी परगना महाल, आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, जुगसलाई तोरोप के नेतृत्व में मुखिया संघ, जमशेदपुर, मानकी-मुंडा व्यवस्था एवं भूमिज मुंडा समाज द्वारा उपायुक्त कार्यालय, जमशेदपुर के समक्ष एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः

धाड़ दिशोम देश पारानिक बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, मुखिया संघ महासचिव कान्हू मुर्मू, माझी बाबा रमेश मुर्मू, सुखराम किस्कू, रेन्टा सोरेन, लेदेम मुर्मू, दीपक मुर्मू, साहिल सोरेन, सुरेश हांसदा, कृष्णा मुर्मू, बिंदे सोरेन, मुखिया सरस्वती टुडू, कालिदास टुडू, पोनो मुर्मू, मनोज मुर्मू, जोबा माडी, धनमुनी मार्डी, भागिरथ हांसदा, आनंद हांसदा, दिकू मुर्मू, डॉ. हांसदा एवं अन्य समाज प्रतिनिधि।

## पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी प्रखंड के बिरसाईत समुदाय के धर्म स्थल देवाँ में बिरसाईत समुदाय का 37 वाँ धर्म दिवस समारोह आयोजित हुआ



राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**कोल्हान /सोनुआ** पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी प्रखंड के बिरसाईत समुदाय के धर्म स्थल देवाँ में बिरसाईत समुदाय का 37 वाँ धर्म दिवस समारोह आयोजित हुआ। प्राकृतिक धर्म दिवस समारोह में पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी और गुमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों से बिरसाईत समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में धार्मिक सांस्कृतिक प्रवचन, देवाँ से लामदार तक पदयात्रा, जीव जंतुओं का लीला, धार्मिक प्रवचन, रोगियों का चंगाई प्रार्थना आदि कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में धर्मगुरुओं द्वारा समुदाय के लोगों को हिंसा, अंधविश्वास, नशापान आदि कुरीतियों से दूर रहने और प्रकृति व जीव जंतुओं से प्रेम करने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही समाज के लोगों को धर्मांतरण से बचने का भी अपील किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शनिवार को रांची और खूंटी क्षेत्र के विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बिरसाईत समुदाय के लोगों के जीवन शैली की सराहना किया और धर्मांतरण से बचने की अपील किया।

## झोपड़ीनुमा ढाबे में रविवार की सुबह करीब तीन बजे भीषण आग



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित टाटा स्टील कंपनी के एक व दो नंबर गेट के बीच स्थित झोपड़ीनुमा ढाबे में रविवार की सुबह करीब तीन बजे भीषण आग लग गई जिससे ढाबा पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस आगलगी में ढाबे में रखा सारा सामान, मजदूरों के सेफ्टी आइटम्स और पास ही स्थित एक गुमटी भी जलकर खाक हो गई। ढाबा के संचालक चंदेश्वर सिंह ने घटना को सुनियोजित साजिश बताते हुए असामाजिक तत्वों पर संदेह जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ समय पहले उन्हें रंगदारी के लिए लालबाबू यादव और उसके बेटों भीम और अर्जुन द्वारा धमकाया गया था और जानलेवा हमला किया गया था। इस संबंध में थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। उन्होंने फोन पर बताया कि घटना के समय वह गोरखपुर में अपने एक रिश्तेदार के इलाज के सिलसिले में गए हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि होटल में रखे ट्रक और मजदूरों के सेफ्टी आइटम्स, फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई है जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। गम्हरिया पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर नष्ट हुए सामान का मुआयना किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हल्दीपोखर उर्दू बालिका विद्यालय को हाई स्कूल में अपग्रेड करने की मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**3 किमी दूर उच्च शिक्षा के लिए नहीं जा पा रही छात्राएं छात्राएं**



पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर पश्चिम पंचायत स्थित उर्दू बालिका मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में अपग्रेड करने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पोटका विधायक संजीव सरदार को एक मांग पत्र सौंपा। यह विद्यालय पूरे प्रखंड का एकमात्र उर्दू माध्यम बालिका विद्यालय है, जहां वर्तमान में लगभग 419 छात्राएं अध्ययनरत हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय केवल कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई की सुविधा प्रदान करता है। इसके बाद छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए तीन किलोमीटर दूर विद्या निकेतन उच्च विद्यालय जाना पड़ता है। इस दूरी के कारण छात्राओं को आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अधिकांश छात्राएं या तो पढ़ाई छोड़ देती हैं या फिर अधूरी शिक्षा के साथ ही रुक जाती हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि अगर इस विद्यालय को +2 हाई स्कूल में अपग्रेड कर दिया जाए, तो छात्राएं बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और अभिभावकों का भी भरोसा शिक्षा व्यवस्था पर बढ़ेगा।

**विभागीय मंत्री से इस संबंध में वार्ता करेंगे: संजीव सरदार**

विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय मंत्री से वार्ता करेंगे और स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।ज्ञापन देने वालों में जिकरुल होदा, जमाल खान, अब्दुल हयात, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद जमील, मोहम्मद नाजिम, वाजिद अली, मोहम्मद राजू, एमडी बाबू, जकी अनवर, मसरूल हुडा, मोहम्मद इरशाद, बबलू खान, अजमल कसाब, अत्ताउल्लाह खान, और हिदायतुल्लाह समेत कई ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया.

## जेवियर स्कूल,गम्हरिया में सात दिवसीय समर कैंप का समापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**जेवियर स्कूल गम्हरिया में विद्यालय के बच्चों के लिए ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का रविवार को समापन हुआ। इस समर कैम्प में कक्षा तीन से समापन 12वीं तक के 230 बच्चों ने भाग लिया था। इस दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। समर कैंप में बच्चों ने मस्ती की पाठशाला के रूप में लिया। इस दौरान विशेष रूप से योग और जुंबा के सत्र का आयोजन किया गया जिससे बच्चों में बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास हुआ। समापन के मौके पर विद्यालय के प्रशासक ब्रदर अमलराज उपस्थित थे। कैम्प के दौरान मौजूदविद्यालय के खेल प्रशिक्षक विकास सिंह, सुजीत रजक, सुनीता मांझी, तूलिका धारा कोले आदि ने बच्चों को विशेष रूप से प्रशिक्षण देकर आनेवाले खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया।

## सार-संक्षेप

### चेक बाउंस के मामले में एक साल की कैद की सजा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**चेक बाउंस के मामले में एक माह में रकम वापस नहीं करने पर मानगो थाना के डिमना रोड स्थित जगदीश पैलेस निवासी सह जुस्को वाटर वर्क्स सेफ्टी डिपार्टमेंट के कर्मचारी अजय किशोर सिन्हा को एक साल की सजा का आदेश जमशेदपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रिचेस कुमार की अदालत ने दिया है। बताया गया कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के धीराजगंज पंचवटी मंदिर निवासी विमल चंद्र पांडेय ने अजय सिन्हा को दोस्ताना कर्ज के रूप में डेढ़ लाख रुपए दिए थे। इस मामले में रुपए नहीं लौटाने पर पांडेय न्यायालय की शरण में गया। न्यायालय की ओर से अजय किशोर सिन्हा को दोस्ताना कर्ज के रूप में लिए डेढ़ लाख एवं बतौर क्षतिपूर्ति 11 हजार कुल एक लाख 61 हजार रुपए एक माह के भीतर वापस करने एवं जुमार्ना के तौर पर नजारत में पांच सौ रुपए जमा करने का आदेश दिया है। पांडेय की ओर से अधिवक्ता एसके चावला और हरजीत सिंह थे।

### जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे - आनन्द बिहारी दुबे



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित की गई।

जिला अध्यक्ष तैयारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी, प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर जमशेदपुर के साकची में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन दिनांक 25 मई 2025 को अपराह्न 3:30 बजे से होगा है। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्रीगण, विधायकगण एवं वरिष्ठ नेतागण रैली को संबोधित करेंगे।

### डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदलना एक दुर्भाग्यपूर्ण कदम :सुनील दे

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**पोटका।** झारखंड सरकार के द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदला जाना सरकार का एक दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। जिसका जितनी भी निंदा की जाए कम है। उक्त आशय की बात क्षेत्र के जाने माने साहित्यकार तथा बुद्धिजीवी सुनील कुमार दे ने कहा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम का राज्यभर में विरोध हो रहा है जो जायज भी है। किसी एक बिभूति को सम्मान देने के लिए दूसरे एक बिभूति को अपमान करना अनुचित और निंदनीय है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोई विदेशी तथा मुगल और अंग्रेज शासक नहीं थे। बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक राष्ट्रवादी राज नेता थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक स्वाधीनता संग्रामी, एक शिक्षाविद,एक चिंतक और एक राजनैतिक पार्टी का संस्थापक भी थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महान बिभूति को सम्मान देने के लिए उनके नाम पर यूनिवर्सिटी का नाम रखा गया था। अचानक यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का कदम समझ से परे है। इसलिए एक झारखंडवासी होने के नाते झारखंड सरकार से मेरा नम्र निवेदन है कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम पूर्ववत रखा जाए।

### भाजपा नेता पप्पू वर्मा ग्रामीणों की जनसमस्याओं पर की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**चांडिल** नीमडीह प्रखंड अंतर्गत आदरडीह में भाजपा नेता पप्पू वर्मा द्वारा ग्रामीणों के साथ जनसमस्याओं को लेकर बैठक की. आदरडीह सामुदायिक भवन परिसर में बजरंगबली कमिटी के अध्यक्ष भगतु कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई हुई. मौके पर बतौर मुख्य उपस्थित पप्पू वर्मा ने स्थानीय ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए .इस अवसर भगतु कुमार, जयदेव कुम्हार , भोलानाथ कुमार,निश्चित कुम्हार,काशीनाथ, महादेव गोराई,शिबू रजक, कृष्णा पटनायक आदि उपस्थित थे.

### बड़बिल पुलिस ने आयरन चोरी के आरोप में दो लोगों को किया गिरफ्तार



राष्ट्र संवाद संवाददाता

ओडिशा के बड़बिल थाना अंतर्गत आयरन चोरी के एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना जोड़ा खनिज मंडल क्षेत्र में सामने आई है, जो खनिज संपदा के लिए जाना जाता है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक हाईवा ट्रक (नंबर OD 09P-0947) सुंदरगढ़ जिले के कोईड़ा क्षेत्र स्थित एक खदान से आयरन लोड कर बड़बिल थाना क्षेत्र के उलिबुरु स्थित जगन्नाथ स्टील प्लांट की ओर जा रहा था। लेकिन आरोपियों ने उक्त आयरन को वहां अनलोड न कर किसी अन्य स्थान पर बेचने की योजना बनाई थी। विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर बड़बिल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को जब्त कर लिया और जांच के बाद ट्रक चालक एमडी दिलावर तथा ट्रक मालिक अनिल महाकुड़ को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।बड़बिल थाना प्रभारी अशोक कुमार नायक ने बताया कि आगे की जांच जारी है और चोरी के इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

### 6 प्रतिबंधित मवेशी लदी पिकअप वाहन जप्त तस्कर फरार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला- खरसावां ज़िले के कपाली ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डोबो रोड से देर रात एक सफेद रंग की बोलेरो माल वाहक समेत 6 मवेशियों को जप्त किया है. घटना तड़के 5 बजे लगभग की है .

# पाक जासूस पकड़े जाने के बाद हिसार पहुंचे डीजीपी ने अधिकारियों संग की बैठक

**हिसार,एजेंसी।** राज्य के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था व अपराध की रोकथाम बारे आवश्यक निर्देश दिए हैं। हिसार में पाक जासूस के पकड़े जाने के तुरंत बाद डीजीपी का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डीजीपी शत्रुजीत कपूर शनिवार देर सायं यहां पहुंचे और पुलिस अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। उन्होंने हिसार व हांसी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में अपराध, कानून एवं व्यवस्था व अन्य मुद्दों से संबंधित विषयों की समीक्षा की। बैठक में हिसार के एसपी शशांक सावन, हांसी के एसपी अमित यशवर्धन सहित सभी उप पुलिस अधीक्षक, सभी थाना प्रभारी और क्राइम यूनिट प्रभारी मौजूद रहे है। बैठक में आपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इनमें तुलनात्मक आपराधिक आंकड़ों के साथ-साथ स्थानीय एवं विशेष प्रावधानों के तहत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करना, लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा, उदघोषित अपराधी, बेल जंपर, मोस्ट वांटेड तथा आपराधिक गिरोह की धरपकड़ के लिए की गई कार्रवाई, मादक



पदार्थों की तस्करी में लिप्त दोषियों की संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई, शस्त्र लाइसेंसों का विश्लेषण, पासपोर्ट वेरिफिकेशन व दर्ज मामलों के जांच पड़ताल की कार्रवाई, चिन्हित अपराधों की रोकथाम के लिए निगरानी, मादक एवं नशीले पदार्थों, जुआ सट्टा, अवैध शराब की तस्करी तथा अवैध असलाह को पकड़ने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान प्राप्त की गई कार्रवाई की समीक्षा, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था के हालात की समीक्षा, न्यायिक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक कार्य एवं वेलफेयर के मुद्दे, विभागीय जांच के मामलों संबंधी निष्पादन की कार्रवाई, राष्ट्रीय व राज्य राजमार्ग एवं अपराध की दृष्टि से संवेदनशील एरिया में पुलिस की मौजूदगी एवं निगरानी इत्यादि विषयों की समीक्षा करते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।संगीन अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देशपुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियो को निर्देश दिए कि संगीन किस्म के अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच करके त्वरित कार्रवाई की जाए। इसके अलावा नशा तस्करी के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने व नशाखोरी का अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में जाए। उन्होंने अपराधों की रोकथाम, शांति एवं कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि कानून व्यवस्था एवं शांति बनी रहे। पुलिस विभाग के खुफियां तंत्र को मजबूत करने पर बल देते हुए उन्होंने अपराधिक मामलों जैसे आर्मस एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज केसों का गहनता से अनुसंधान करने व केस की तह तक जाने के निर्देश दिए ताकि अपराधियों के नेटवर्क का पता चल सके व प्रभावी कार्रवाई कर अपराध की पुनरावृति को रोका जा सके। आमजन के बीच पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करे डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस की प्रेजेंस पब्लिक के बीच ज्यादा से ज्यादा हो, जिससे आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने व ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यातायात को बाधारहित बनाए रखना के लिए पुख्ता प्रबंधन पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को सडक जाम से निजात दिलवाने के लिये योजनाबद्ध व प्रभावी तरीके से कार्रवाई की जाए। पुलिस के पास आने वाले हर व्यक्ति की हो सुनवाईपुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति की सुनवाई हो और उसकी शिकायत पर तुरंत कार्यवाही की जाए। जांच के स्तर को बेहतर किया जाए, जिससे दोषियों को सजा दिलाने की दर को बढ़ाया जा सके। जांच में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किया जाए। प्रत्येक पुलिस अधिकारी अपने अधीन कार्यरत पुलिस कर्मचारियों की कार्यकुशला को पहचाने तथा उसके अनुरुप ही उनसे कार्य लिया जाए।जवानों की सेहत का भी रखें ध्यानडीजीपी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस के जवानों के स्वास्थ्य व सेहत का ध्यान रखते हुए अपने स्तर पर जरुरी कदम उठाए। जवानों के लिए सुविधाओं को और बेहतर किया जाए। अच्छे कार्य के लिए जवानों को उचित इनाम व नियमानुसार समय पर तरक्की सुनिश्चित की जाए। उचित समय पर पदोन्नति देने के और विशेष ध्यान रखा जाए।

## हिमाचल परिवहन विभाग ने एक साल में की 912 करोड़ रुपये की कमाई




**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग ने राजस्व अर्जन में नया रिकॉर्ड कायम करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 912 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह आय पिछले वर्ष की तुलना में 132 करोड़ रुपये अधिक है। रविवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये पार कर जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में 1.5 लाख नए वाहन पंजीकृत हुए हैं जिससे कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या 23 लाख के पार पहुंच गई है। वहीं इस दौरान एक लाख नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं और अब तक कुल 16 लाख लाइसेंस प्रदेश में एक्टिव हैं।

**फैंसी नंबरों की ई-नीलामी बनी बड़ी आय का स्रोत** परिवहन विभाग की आय बढ़ाने में फैंसी नंबरों की ई-नीलामी ने अहम भूमिका निभाई है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले ये नंबर सिफारिश के आधार पर जारी होते थे। लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था के तहत इनकी ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। इस व्यवस्था से विभाग को बीते वर्ष 37 करोड़ रुपये की आय हुई है। कुछ विशेष नंबर 20 से 25 लाख रुपये तक में नीलाम हुए हैं।

**बाहर से आने वाली बसों पर स्पेशल टैक्स से हुई 17 करोड़ की आय:** उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र की नई परिवहन नीति के चलते बाहर से आने वाली बसों को रोकना अब चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने इन पर विशेष रोड टैक्स लगाया है। इससे अब तक 17 करोड़ रुपये की आय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है वे अब उत्पाद शुल्क विभाग से एनओसी लेकर टैक्स अदा कर सकते हैं।

**प्रदेश को मिले राष्ट्रीय अवॉर्ड, केंद्र से मिली 28.71 करोड़ की राशि:** प्रदेश को परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरे वर्ष केंद्र सरकार से पुरस्कार मिला है। पिछले वर्ष जहां 25 करोड़ की पुरस्कार राशि मिली थी वहीं इस वर्ष यह बढ़कर 28.71 करोड़ रुपये हो गई है। 1000 नए वाहन उतरेंगे रूट पर, चार्जिंग स्टेशन और स्क्रैप सिस्टम की योजना उन्होंने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत करने की दिशा में परिवहन विभाग 1000 नए वाहनों को रूट पर उतारने की योजना पर काम कर रहा है। वर्तमान में 234 बसें, 350 सीट क्षमता वाली 181 बसें और 18 सीटर टेम्पो परिचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 3000 निजी वाहन और 27 हजार परमिट भी जारी किए गए हैं। वहीं ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के 65 होटलों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस वर्ष कुल 88 नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। साथ ही सोलन और नादौन में दो स्क्रैपेज पॉलिसी आधारित वाहन स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात नए ऑटोमैटिक वाहन परीक्षण केंद्र भी शुरू किए जाएंगे।

## कामायनी एक्सप्रेस में बम की सूचना, एक घंटे खंडवा में खड़ी रही ट्रेन, नहीं मिली कोई संदिग्ध

**खंडवा, एजेंसी।** इटारसी से भुसावल की ओर जा रही गाड़ी संख्या 11072 वाराणसी- लोकमान्य तिलक कामायनी एक्सप्रेस में शनिवार को दोपहर में बम होने से सूचना से रेलवे प्रशासन में हडकंप मच गया। चार कंट्रोल रूम से होते हुए सूचना खंडवा जंक्शन पहुंची। खंडवा स्टेशन पर ट्रेन को रोककर स्निफर डॉग की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। सभी 22 बोगियों की जांच की गई। जांच में कोई भी विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। महाराष्ट्र के भुसावल कंट्रोल रूम से खंडवा जीआरपी को बम की सूचना मिली थी। जिसके बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीमें सक्रिय हो गई थी। जब कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला तो ट्रेन को आगे लिए रवाना कर दिया गया। ट्रेन करीब एक घंटे तक यहां खड़ी रही। जीआरपी थाना प्रभारी एमपी ठक्कर ने बताया कि सूचना सबसे



पहले जलगांव कंट्रोल रूम को मिली, जो औरंगाबाद, भोपाल और भुसावल कंट्रोल रूम होते हुए दोपहर 12ः41 बजे खंडवा जीआरपी तक पहुंची। उस समय ट्रेन तलवड़िया स्टेशन से गुजर रही थी, जो खंडवा से 16 किलोमीटर दूर है। खंडवा स्टेशन पर ट्रेन आने में वहां से करीब 15 मिनट का समय लगता है। इतनी देर में खंडवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर पुलिस फोर्स को बुलाया गया। आरपीएफ और जीआरपी को प्लेटफार्म पर बुलाया। इसके बाद करीब एक बजे ट्रेन के पहुंचते ही चेकिंग शुरू की गई। जीआरपी थाना प्रभारी ठक्कर ने बताया कि ट्रेन में कुल 22 बोगियां थी। इनमें दो जनरेटर और 20 यात्री बोगियां थी। बताए गए कोच में कुछ नहीं मिलने पर सभी कोच की जांच की गई। इस दौरान एक लावारिस बैग मिलने पर बम निरोधक दस्ते व प्रशिक्षित डाग की मदद से तलाशी लेने पर कुछ नहीं मिला।

## डूंगरपुर : शादी से लौट रहे परिवार पर पलटा ट्रक, 4 की मौत, 8 घायल

**डूंगरपुर, एजेंसी।** डूंगरपुर जिले के सावला थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार की जीप गांव के बस स्टैंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सावला थानाधिकारी रघुवीर सिंह के अनुसार हादसा रात लगभग 11ः30 बजे हुआ जब एक सवारी जीप (क्रूजर) पिंडावल हिलावड़ी गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। जीप में सवार कुछ लोग घायल हो गए थे, जिन्हें देखने और मदद के लिए आसपास के लोग जमा हो गए। उसी दौरान एक तेज़ रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर मौके पर पलट गया। ट्रक ने न केवल जीप और वहां खड़े लोगों को कुचल दिया, बल्कि पास खड़ी एंबुलेंस को भी अपनी चपेट में ले लिया।



दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रक के नीचे तीन बाइक और कई लोग दब गए। एक बिजली का पोल टूटने से तार भी सड़क पर गिर गए। राहत और बचाव कार्य में बाधा आने के कारण दुर्घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। रविवार तड़के लगभग 3ः30 बजे तक क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाकर दबे हुए लोगों और वाहनों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान बाड़ीगामा बड़ी गांव के लवजी पाटीदार, डायालाल पाटीदार, सविता पाटीदार और भावेश पाटीदार के रूप में हुई है। बताया गया कि लवजी पाटीदार की दोहिती की शादी थी और पूरा परिवार समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सागवाड़ा के डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बुलंदशहर सड़क हादसाः कैसे हुई पांच लोगों की मौत, सामने आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट; अस्पताल में अब भी भर्ती 25 घायल



**बुलंदशहर, एजेंसी।** यूपी के बुलंदशहर स्थित जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव रौंडा में शुक्रवार तड़के चार बजे मजदूरों से भरा टैंकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसा था। इसमें सवार करीब 34 लोगों में से पांच लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 29 लोग घायल हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्टर में मृतकों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने और अधिक खून बहने से मौत के कारणों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि 34 घायलों को अस्पताल लाया गया था। जिसमें से तीन की मौत हो गई थी। चार को छोड़कर बाकी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। मेरठ में दो और लोगों की मौत हो गई थी। शनिवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि सभी के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें थीं। खून ज्यादा बहने के कारण उन लोगों की मौत हो गई। बुलंदशहर जिला अस्पताल में भर्ती चार लोगों को शुक्रवार शाम को ही छुट्टी दे दी गई थी।

**हादसों से बचाने वाले टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर ही लील गए पांच लोगों का जीवन :** हादसे के लिए एक बड़ा कारण सड़क पर बने टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर भी माना जा रहा है। लोगों का आरोप है कि मानकों के विपरीत बनाए गए इन ब्रेकर के कारण ही इतना बड़ा हादसा हुआ। वहीं, अब ट्रक ड्राइवर की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर की पहचान उसके ड्राइवर लाइसेंस के आधार पर नौशाद के रूप में की है। वहीं पुलिस अब भी इस हादसे की सटीक वजह जानने के लिए आस पास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## शरद पवार ने कहा- मैंने पीएमएलए संशोधनों का विरोध किया था

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि मैंने यूपीए सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम द्वारा प्रस्तावित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में किए गए संशोधनों की खिलाफत की थी। चिदंबरम ने यह कानून उनकी मर्जी वगैर लाया और सरकार बदलने के बाद इस संशोधन के पहले शिकार बने थे। शरद पवार रविवार को शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत की नरकाचा स्वर्ग नामक मराठी पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शरद पवार ने मनी लॉन्ड्रिंग कानून में संशोधनों के खिलाफ़ आवाज़ उठाई थी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में किए गए संशोधनों के सख्त खिलाफ़ हैं। पवार ने कहा कि अधिनियम में बदलाव से ऐसा हुआ कि यह जांच एजेंसी या सरकार की जिम्मेदारी होने के बजाय आरोपितों पर अपनी बेगुनाही साबित करने का भार डाल देता है। पवार ने कहा, संशोधन के तुरंत बाद, यूपीए सत्ता से



बाहर हो गई और भाजपा ने अपनी सरकार बनाई। बदलावों के परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 2022 में राउत को गोरेगांव पश्चिम में पात्रा चॉल के विकास से जुड़े एक मामले में उनके कथित संबंधों के लिए ईडी ने गिरफ्तार किया था। बाद में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार दिया, जिसके बाद शिवसेना यूबीटी नेता को जमानत पर रिहा कर दिया गया। तब तक राउत तीन महीने से अधिक जेल में बिता चुके थे। संजय राउत ने इस पुस्तक में धन शोधन के आरोपों में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद जेल में बिताए गए समय के बारे में बताया है। इस कार्यक्रम में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता।

## पूर्वी मध्य अरब सागर में बन रहा चक्रवात

**मुंबई, एजेंसी।** कर्नाटक तट से दूर पूर्वी मध्य अरब सागर में 22 मई के आस-पास एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से चक्रवात आने की संभावना है। इससे रविवार से 25 मई तक महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। आपदा प्रबंधन सहित सभी एजेसिंयों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। मौसम विभाग की ओर से जारी की गई चेतावनी के अनुसार 19 मई से 25 मई के बीच राज्य में वर्षा गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और आस-पास के घाट क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। शनिवार से मंगलवार के दौरान कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज, बिजली और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाओं के साथ हल्की व मध्यम बारिश का अनुमान है। एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण गुजरात-उत्तर कोंकण तटों से दूर पूर्व मध्य और आसपास के उत्तर-पूर्व अरब सागर पर औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर स्थित है। 21 मई के आस-पास कर्नाटक तट से दूर पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से 22 मई के आस-पास उस क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके बाद उत्तर की ओर बढ़ने और तीव्र होने की संभावना है।

## महिला और उसके तीन बच्चों के शव खेत के तालाब व टैंक में मिले

**चूरू, , एजेंसी।** चूरू जिले के सरदारशहर कस्बे के बंधनाऊ दिखनादा गांव में शनिवार रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई। गांव के एक खेत में बने तालाब और पास के टैंक (कुंड) से एक महिला और उसके तीन मासूम बच्चों के शव बरामद हुए। इस घटना ने पूरे गांव को शोकाकुल कर दिया है। पुलिस मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों संभावनाओं के दृष्टिकोण से कर रही है।



सरदारशहर थाने के एएसआई प्रदीप मीणा के अनुसार गांव निवासी सुभाष जाट जब रात को घर लौटे, तो उनकी पत्नी जेठी (25) और तीन बच्चे- इशिका (5), आरुषि (3), और संजय (2.5)- घर पर नहीं थे। परिवारजन और पड़ोसियों से पूछताछ करने के बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो सुभाष खेत की ओर गए। वहां छोटे तालाब में उन्हें पत्नी जेठी और बेटी इशिका के शव पानी में तैरते मिले। पास ही बने टैंक में दोनों अन्य बच्चों के शव पड़े हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से चारों शवों को बाहर निकाला गया। शवों को सरदारशहर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतका जेठी की शादी सुभाष जाट से सात वर्ष पूर्व हुई थी। जेठी का मायका सरदारशहर क्षेत्र के भादासर उतरादा गांव में है। एक साथ चार लोगों की मृत्यु से गांव में गहरा शोक व्याप्त है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है।

एएसआई मीणा ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और चारों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। प्रारंभिक जांच में अभी तक घटना के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, और सच्चाई का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही हो सकेगा।

## पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबायों के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू-एसीबी का छापा

राष्ट्र संवाद कमाल अहमद

**छत्तीसगढ़ रायपुर में पूर्व मंत्री के करीबी टेकेदार के घर मिला 19 लाख कैश,**

**रायपुरः**-छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा छत्तीसगढ़ के बहुत ही चर्चित नेताओं में से एक हैं। उतना ही चर्चित उनका शराब घोटाला है, क्योंकि घोटाला बहुत बड़ा है।छत्तीसगढ़ के चर्चित 2161 करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के लगभग चार माह बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने उनके करीबियों के 13 ठिकानों पर छापेमारी की। ईओडब्ल्यू की सभी टीमों ने एक साथ रायपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और जगदलपुर में दबिश देकर सबको चौंका दिया,और यह खबर छत्तीसगढ़ में आग की तरह फैल गई।दबिश के समय घर पर मौजूद सभी लोग सो रहे थे। शाम 6 बजे टीम जांच के बाद अधिकांश जगह से निकल चुकी थी। रायपुर में पूर्व मंत्री के करीबी एक ठेकेदार के घर की तलाशी के दौरान 19 लाख कैश व प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और लेन-देन से संबंधित दस्तावेज भी मिला है। कैश जब्त कर लिया गया है।
ईओडब्ल्यू के अनुसार सुबह देवेंद्र



नगर में कांग्रेसी पार्षद उम्मीदवार श्रीनिवास राव के घर पहुंची। श्रीनिवास के साथ उनके भाई जी नागेश रहते हैं। नागेश कवासी के करीबी माने जाते हैं। उनके मंत्री रहने के दौरान वह अक्सर पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बंगले में बैठते थे। रायपुर में ही ठेकेदार कमलेश नाहटा के घर की भी तलाशी ली गई। कमलेश मूलतः सुकमा का रहने वाला है। वह पिछली सरकार के कार्यकाल में रायपुर शिफ्ट हुआ है।

**इनके घर पर हुई छापेमारी**

रायपुर : कांग्रेसी नेता जी नागेश, ठेकेदार कमलेश नाहटा।

जगदलपुर : कंप्यूटर कारोबारी प्रेम मिगलानी।

दंतेवाड़ा : कांग्रेसी नेता राजकुमार तामो।

सुकमा : योग आयोग के पूर्व सदस्य राजेश नारा, हार्डवेयर कारोबारी अनीश बोथरा, पेट्रोल पंप संचालक जयदीप भदौरिया, पूर्व मंत्री लखमा के ड्राइवर शेख बशीर और बशीर अहमद।

## नदिया के अमृत भारत रेलवे स्टेशन का 22 मई को प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

**नदिया,एजेंसी।** अमृत भारत परियोजना के तहत देश के 104 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम शुरू किया गया है, जिनमें पश्चिम बंगाल के नदिया जिला स्थित कल्याणी घोष पाड़ा स्टेशन भी शामिल है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक इस स्टेशन के आधुनिकीकरण का काम लगभग पूरा होने वाला है। इस स्टेशन की सभी नई सेवाओं के आधिकारिक उद्घाटन 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका वर्चुअल तरीके से दिल्ली से उद्घाटन करेंगे। रेलवे के सियालदह डिवीजन के सूत्रों के मुताबिक अमृत भारत परियोजना के तहत कल्याणी घोष पाड़ा स्टेशन परिसर को फिर से सजाया गया है। स्टेशन की मुख्य इमारत के ढांचे को बेहतर बनाया गया है। साथ ही




आधुनिक विश्राम कक्ष, शेड, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति आदि की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को एक साथ देशभर के कुल 104 स्टेशनों के नए ढांचे का उद्घाटन करेंगे। प्रारंभिक चरण में अमृत भारत परियोजना के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित 1,275 स्टेशनों को आधुनिक बनाने का काम चल रहा है।

# बेगूसराय सांसद एवं तेघड़ा विधायक के पहल पर जिला अधिकारी ने बरौनी जीरो माइल में संवेदक द्वारा किए जा रहे वसूली को तत्काल प्रभाव से रोक लगाया

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

जीरो माइल में शुरू किए गए बैरियर वसूली के विरोध में पांच सूत्री मांगों का संकल्प पत्र सौंपने गए शिष्ठमंडल को पदाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर बैरियर वसूली को स्थगित कर दिया गया है।

बिहट नगर परिषद अंतर्गत आने वाले बेगूसराय जिले के जीरो माइल के चारो दिशा में ई रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा पराव के लिए नगर परिषद द्वारा सैरात बंदोबस्ती एवं विभिन्न वार्डों में बने शौचालयों से भी लोगों से यूजर चार्ज लेने के लिए प्रस्तावना राखी।

जिसके लिए शौचायलयों के नाम पर 2 लाख रुपये एवं ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा के लिए प्रस्तावना डेढ़ लाख रुपये रखी गई।

सूचना मिलते ही संवेदक के लिए लाइन लगनी शुरू हो गई।

वहां पराव में सैरात मे कुल 18 लोगों ने अपना अपना आवेदन दिया । इसमें से 6 लोगों ने बाढ़ जढकर बोली लगाई । शुरूआत में ही तीन लोग इसे बाहर हो गए। शेष में दीपक कुमार, सुजीत कुमार एवं दिलीप कुमार अपना अपना परिचय तो दिखाते हुए बोली लगाते रहे। जिसमें गुरदासपुर के दिलीप सिंह ने हिम्मत जताते हुए 90 लख रुपए में वाहन पराव का टेंडर अपने नाम किया। 18% जीएसटी एवं 5% स्टांप शुल्क मिलकर छोटे बिहनो.का पराव का टेंडर राशि एक(1) करोर 15 लाख बीस हजार के कागजात पर संवेदक ने हस्ताक्षर किया। जो 1 जून 2025 से 2026 मई तक



प्रभावी माना जाएगा।

डेढ़ लाख की प्रस्तावना से करोड़ों की आयु होने को लेकर अधिकारियों एवं पार्षदों में खुशियां छा गई। लेकिन संवेदक द्वारा 1 जून से पूर्व ही हर वाहनों से बढ़ा चढ़ा कर पैसे की वसूली शुरू कर दी गई। जिसको लेकर ई रिक्शा ऑटो रिक्शा चालको ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। वाहनों से हवा गवन करने वाली आम जनों को घर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिसको लेकर बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जिला अधिकारी से इस समस्या के लिए दूरभाष पर बात की। वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह, एटक के जिला महासचिव प्रहलाद सिंह टेंपो यूनियन के संयोजक संतोष कुमार छात्र नेता राकेश कुमार रामकृष्ण कुंदन वाहन चालकों द्वारा प्रदर्शन में भाग लेकर संबंधित अधिकारियों से इस ठेका को अभिलंब समाप्त करने की मांग की। तीन दिनों से वाहन चालकों के द्वारा रोड पर वहां नहीं चलने के कारण आमजन सहित रोगी ,वकील, छात्रों को आवा गवन में हो रहे कठिनाइयां एवं भीषण गर्मी में पैदल चलने को लेकर काफी मजबूरियां उठानी पड़ी।

इस प्रसंग में नेताओं और यूनियनों के प्रतिनिधि से बातचीत के बाद जिला अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से जबरन पैसे आसुली पर रोक लगा दी। जिसको लेकर नगर परिषद बिहट के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों मैं लाख रुपया से करो रुपया पाने की खुशियों पर मातम छा गया। जबकि संवेदक को भी करोड़ लगाकरोड़ों बाद भी वसूली पर रोक लगने से चिंता बढ़ा दी है। कि अब आगे क्या होगी?

वही नौ शौचायलयों के लिए संजय कुमार सिंह के द्वारा छह लाख तीस हजार , टैक्स लगाकर आठ लाख, छह हजार , चार सौ रुपये में शौचायलयों का टेंडर हुआ । जिस पर अभी विरोध की कोई चर्चा नहीं है।

इस प्रसंग में सदर एसडीओ के समक्ष हुई वार्ता में उन्होंने कहा कि, जिला पदाधिकारी के आदेश से जीरोमाइल में वसूली के कार्य पर अभिलंब रोग लगा दी गई है। जब तक नगर परिषद भी वाहन पराव की शर्तों को पूरा नहीं करता है तब तक रोक लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कठिनाइयां हो नहीं होगी यदि वसूली की प्रक्रिया को फिर से प्रारंभ किया जाता है तो हमें खबर किया जाए। इस पर अभिलंब कार्यवाही करने की प्रक्रिया पूरी होगी। नेताओं ने कहा की संघर्ष की बुनियाद पर ही हम अपने उचित अधिकार को हासिल करेंगे। मजदूर और श्रमिकों के लिए हमारी लड़ाई चलती रहेगी।

## सार-संक्षेप

### खोदावंदपुर भाजपा मंडल कार्यसमिति की हुई पहली बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** भाजपा मंडल कार्यसमिति खोदावंदपुर की बैठक रविवार को बरियारपुर पश्चिमी गांव के अरुण कुमार गुप्ता के आवासीय परिसर में आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास भारती एवं प्रखंड संयोजक अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया. इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व पार्टी के जिला महामंत्री राम प्रवेश सहनी ने आतंकियों को पालने व संरक्षण देने वाले पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर सैकड़ों आतंकियों को मार गिराने के मामले में भरतीय सेना के सौर्य बल की प्रशंसा की. उन्होंने इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भूरी-भूरी प्रशंसा की. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अशोक कुमार, पार्टी की नवनियुक्त जिला मंत्री पल्लवी कुमारी, सांसद प्रतिनिधि उपेन्द्र सहनी, मंडल महामंत्री रामचन्द्र महतो, ललित पासवान, कोषाध्यक्ष जवाहर चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार झा, अरुण कुमार गुप्ता, अनिल कुशवाहा, सूर्यनारायण महतो, संजीत कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ रंजीत सिंह, शशिभूषण महतो, राजीव कुशवाहा, रामध्यान महतो, सत्य नारायण शर्मा, रामसागर महतो, अमित कुमार अंशुमन, नंदलाल ठाकुर, ललित कुमार हितैषी आदि ने अपने विचार रखें. कार्यक्रम के अंत में भाजपा कार्यकताओं द्वारा शौर्य तिरंगा यात्रा बरियारपुर पश्चिमी गांव से सदर बाजार तक निकाली गयी, जिसमें हिंदुस्तान जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद एवं भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये गये.

### हत्या कांड के फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, ढोल-नगाड़ा बजाकर की गई कार्रवाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**बखरी/बेगूसराय।**बखरी थाना क्षेत्र के महादेवचक गांव में हत्या कांड के एक फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार नोटिस चिपकाया। इस दौरान ढोल-नगाड़ा बजाकर पूरे गांव को सूचित किया गया, जिससे अभियुक्त की जानकारी सार्वजनिक की जा सके। इस केस के अन्य आरोपी मनटुन महतो भी फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बखरी थाना कांड संख्या 463/24 के आरोपी महादेवचक निवासी मनटुन महतो का पुत्र रवीश कुमार एक हत्या के मामले में लंबे समय से पुलिस के नजर से फरार है। पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी।तब कांड के अनुसंधानकर्ता सह अपर थानाध्यक्ष उदय शंकर कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर यह इश्तेहार चिपकाया गया है। यदि अभियुक्त 30 दिनों के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो अगली कार्रवाई के रूप में उसकी संपत्ति की कुर्की-जब्ती की जाएगी।

### फैक्ट्री के जहरीले धुएं और प्रदूषण के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, रिहायशी इलाके से हटाने की मांग तेज




राष्ट्र संवाद ब्यूरो

पटना के दानापुर से है जहां के नासरीगंज इलाके में स्थित फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले धुएं और बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को बड़ी संख्या में स्थानीय पुरुषों और महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और फैक्ट्री को रिहायशी इलाके से हटाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर लेकर नारेबाजी की 'फैक्टी बंद करो' फैक्ट्री से धुआं निकलना बंद करो,जैसे नारों से इलाके की सड़कें गूंज उठीं। लोगों का कहना है कि फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है, बच्चों और बुजुर्गों में सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं।

एक स्थानीय महिला ने बताया, ?हम रोज इस जहरीले धुएं में जीने को मजबूर हैं। धुएं की वजह से घर में कपड़ा पसारते है तो काला हो जाता है कफ भी काला निकलता है काई तरह की फेफड़े की बीमारियां हो रही है।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस जनआंदोलन पर क्या रुख अपनाता है।

### कबीर मठ का 15 वां वार्षिक सत्संग महोत्सव व सदगुरु कबीर साहेब की मनायी गयी जयंती

राष्ट्र संवाद ब्यूरो/ अशोक कुमार ठाकुर



**तेघड़ा/बेगूसराय**
उत्तर तेघड़ा क्षेत्र अंतर्गत खिजिर चक स्थित कबीर मठ के प्रांगण में रविवार को 15 वीं वार्षिक सत्संग समारोह और संत सम्राट सदगुरु कबीर साहेब की जयंती मनायी गयी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में फुहिया गद्दी के महंत श्री श्री 108 आचार्य धर्मदास साहेब, खीजिर चक मठ के महंत पंकज साहेब ने कहा कि संत सम्राट सदगुरु कबीर साहेब का जन्म 1398 ई को काशी के लहरतारा नामक स्थान पर जेष्ठ पूर्णिमा में हुआ था।उनके माता-पिता का नाम अज्ञात है। उसे नीरू और नीमा नामक व्यक्ति पालन पोषण किया। यह भारतीय इतिहास के महान कवि थे। उनके मौलिक ग्रंथ बीजक हैं। बीजक के 11 प्रकरण हैं। बीजक में ध्यान, भक्ति और साधना एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय पर साखी शब्द,रमैनी वर्णन हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता गुरु प्रेम और भाव के भूखे हैं। भगवान भी प्रेम के भूखे हैं। हमें समाज में सभी इंसान से प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए और मिलजुल कर रहना चाहिए। गोविंद साहेब पकठौल, मनोज साहेब खीजिर चक, शिवकुमार साहेब आलापुर ने कहा कि हमारे बीच स्थानीय महंत आश्रम के विकास में हमेशा तत्पर रहते हैं। मौके पर चंद्रदेव साहब, राजकुमार साहब, रामचंद्र साहेब , अध्यक्ष विश्वनाथ साहब कोषाध्यक्ष विनोद साहब , धनकौल के पूर्व सरपंच शिवजी कुमार दास आदि मौजूद थे।

## बरौनी डेयरी दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा में सर्वोपरि : प्रबंध निदेशक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बरौनी/बेगूसराय** देशरत्न डा० राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, बरौनी डेयरी के प्रबंध निदेशक रविन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रबंधन संघ से जुड़े सम्मानित दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को सर्वोपरि रखते हुए बरौनी डेयरी को उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर रखने में सतत प्रयत्नशील एवं दृढ़संकल्पित है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान सीधे उनके खाते में करने की सुविधा प्रदान करने का कार्य विशेष अभियान चलाकर यथाशीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए नवोन्मेषी प्रयासों एवं गतिविधियों को अपनाया जा रहा है। पशु नस्ल सुधार सहित पशुआहार,चारा बीज, सायलेज, दलिया आदि का उत्पादन सुनिश्चित कराकर समग्र रूप से पशुओं के ब्रीडिंग एवं फीडिंग पर विशेष सुविधायें मुहैया कराने का प्रयास




किया जा रहा है। संघ,अधीनस्थ इकाइयों एवं जुड़ी हुई समितियों के बुनियादी संरचना को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप समुन्नत करने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इससे दुग्ध एवं दुग्ध जन्य उत्पादों की गुणवत्ता में और वृद्धि होगी एवं हम संघ से गुलाब जामुन के अलावा अन्य उत्पादों का निर्यात विदेशों में करने में सक्षम हो सकेंगे। इससे पशुपालकों की आय में भी वृद्धि संभव होगी। श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण विपणन के द्वारा आज बरौनी डेयरी का उत्पाद गांवों तक पहुँच रहा है। लोगों को लगन एवं त्योहारी मांग में उत्पादों की सुलभता से काफी सहूलियत मिल रही है। शीघ्र ही बरौनी डेयरी कुछ नये उत्पाद अपने सम्मानित उपभोक्ताओं के बीच लाने की दिशा में कार्य कर रही है। संघ से जुड़े एफ०पी०ओ० के माध्यम से सुधा के चावल, आटा, सरसों का तेल, दालों आदि का उत्पादन एवं विपणन करने के क्रम में कुछ उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन शुरू किया गया है।

श्री प्रसाद द्वारा संघ के उत्तरोत्तर प्रगति में भारत सरकार, राज्य सरकार,एन०डी०डी०बी०, कॉम्फेड,जिला एवं स्थानीय प्रशासन सहित अन्य सभी से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मिल रहे सतत सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गयी।

## इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय है :डा संतन कुमार राम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बरौनी/ बेगूसराय** इग्नू आज विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जिसके माध्यम से हम बेहतर अध्ययन सामग्री जुड़ पाते हैं और जब बेहतर सामग्री मिले तो अध्ययन की निरंतरता बनाए रखिए। ये बातें गणेशदत्त महाविद्यालय बेगूसराय स्थित इग्नू 550 केन्द्र के प्रवेशन सत्र को संबोधित करते हुए इग्नू केन्द्र दरभंगा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ सन्तन कुमार राम ने कही। उन्होंने कहा कि आज इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय है, इग्नू ने जन अपेक्षाओं के साथ लर्नर को ध्यान में रखकर अपने पाठ्यक्रमों को तैयार किया है। जनवरी 2025 सत्र के लर्नर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब आपके हाथ में इग्नू का मेटेरियल जाता है तो आप उसका अध्ययन भी करें ना की इस भरोसे रहे कि यह दूरस्थ शिक्षा है और इसमें कोई गुंजाइश है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा की इग्नू अपने लर्नर को पढ़ना सिखाता है और इग्नू के लर्नर को पढ़ना होगा। कहा कि एसाइनमेंट तैयार करने के बाद आप अपना परीक्षक




खुद बनें तभी आप अपनी योग्यता का मूल्यांकन कर सकते हैं। वहीं इग्नू अध्ययन केंद्र 0550 के समन्वयक प्रो कमलेश कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इग्नू आज विश्व की सबसे विश्वसनीय संस्था है। यह आज ग्लोबल यूनिवर्सिटी का रूप ले चुका है। दुनिया के 33 देशों में इग्नू के केंद्र स्थापित हैं जिसके माध्यम से लाखों लर्नर अध्ययन कर रहे हैं। कहा कि इग्नू अपने आप में एक अच्छे मानव का निर्माण करता है। आपके हाथ में इग्नू की शिक्षण सामग्री हो तो आपको सिखाने का काम करता है। इसलिए इसके साथ जुड़कर हमें और बेहतर बनने की आवश्यकता है। प्रवेशन सत्र को संबोधित करते हुए प्रो विजय मोहन प्रसाद सिंह ने कहा इग्नू अपने छात्रों के साथ एक बेहतर समन्वय स्थापित करता है और लर्नर को सही समय पर शिक्षण सामग्री मिले इसके लिए प्रतिबद्ध है। प्रो भूपेन्द्र नारायण ने कहा कि हम परीक्षाओं में अपनी उत्तर पुस्तिकाओं पर स्वयं के अध्ययन की गई पंक्तियों को लिखें, अपनी भाषा दें ताकि हमको अच्छे अंक मिले। प्रो अनिल कुमार ने कहा कि सत्रांत कार्य को सुंदर लेखन से प्रस्तुत करें जो कि आपके परीक्षा से पूर्व का मूल्यांकन है। धन्यवाद ज्ञापन इग्नू केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ अजीत कुमार और संचालन डॉ कुन्दन कुमार ने किया। मौके पर लर्नरों ने क्षेत्रीय सहायक निदेशक से प्रश्नोत्तर के माध्यम से जानकारी भी प्राप्त की। मौके पर डॉ उत्तम कुमार, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ आरुणि कुमार, चंदन कुमार, मुकेश कुमार, विपिन कुमार, महेंद्र सिंह, विकास कुमार समेत अन्य उपस्थित थे ।

## जीवन समर उपन्यास में परिवर्तन की अकुलाहट है:डा. चंद्रभानु प्रसाद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जीवन समर उपन्यास का हुआ लोकार्पण**

**बरौनी /बेगूसराय** नगर परिषद बीहट में डॉ. संगीता राजन चिकित्सालय परिसर में शनिवार को चर्चित लेखक प्रलेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र राजन लिखित जीवन समर उपन्यास का लोकार्पण हुआ। उपन्यास का लोकार्पण आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। लोकार्पण सह परिचर्चा में मुख्य वक्ता एलएनएमयू के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रख्यात आलोचक डॉ. चन्द्रभानु प्रसाद सिंह ने कहा कि जीवन समर उपन्यास में परिवर्तन की अकुलाहट दिख रही है। उन्होंने कहा कि उपन्यासकार राजेन्द्र राजन ने इस उपन्यास के पात्र के माध्यम से यह संदेश दिया है कि इस देश में वैचारिक रूप से परिपक्व कम्युनिष्ट नहीं होने के कारण कम्युनिष्ट आंदोलन सफल नहीं हुआ। कम्युनिष्टों के भीतर के अंतरविरोध को इस उपन्यास में दिखाया गया है। जीवन समर का



परिअवसान जीवन संघर्ष से होता है। लेखक ने राहुल सांकृत्यायन एवं यशपाल की परंपरा का निर्वाह किया है। स्वाधीनता आंदोलन का उत्कर्ष काल और आजादी के बाद का वर्तमान इस उपन्यास के केंद्र में है। मुख्य अतिथि बिहार प्रलेस के महासचिव रविन्द्र नाथ राय ने कहा कि जीवन समर एक राजनैतिक उपन्यास है। राजेन्द्र राजन एक्टिविस्ट रचनाकार हैं। इस उपन्यास के माध्यम से लेखक ने यह संदेश दिया है कि बिना कम्युनिज्म के समाज नहीं बदल सकते। उन्होंने गांधीवाद से वर्ग संघर्ष को इस उपन्यास में दिखाया है। वहीं बिहार प्रलेस के सचिव सत्येन्द्र कुमार ने उपन्यास के केंद्रीय भाव को रखा एवं इसे एक जरूरी किताब बताया। ई. सुनील कुमार सिंह ने जब इतिहास और साहित्य का मिलन होता है तो वह लेखन सफल हो जाता है। जीवन समर उपन्यास हर किसी को पढ़ना चाहिए जिनके भीतर समाज परिवर्तन की अकुलाहट हो। अतिथियों का स्वागत एवं परिचर्चा का विषय प्रवेश कराते हुए लेखक राजकिशोर सिंह ने कहा कि मौत की शताब्दी में इस तरह के उपन्यास का आना सुखद है। उन्होंने उपन्यासकार राजेन्द्र राजन की 78 वां जन्मदिवस पर बधाई देते हुए कहा कि दुनिया जब तक रहेगी मार्क्सवाद किसी न किसी रूप में अवश्य रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. सीताराम प्रभंजन एवं संचालन डॉ. कुंदन कुमार ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आनंद ने अपनी टीम के साथ कलम आज उनकी जय बोल को प्रस्तुत किया वहीं आचार्य सुदामा गोस्वामी ने रोटियां गरीब की प्रार्थना बनी रही को सुनाकर लोगों का मन मोह लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शगुफ्ता ताजवर ने किया। प्रलेस बेगूसराय इकाई की सचिव कुंदन कुमारी एवं प्रलेस के सदस्य डॉ. रामरेखा ने भी परिचचर्चा में हिस्सा लिया। मौके पर दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह, जयप्रकाश सिंह, डॉ. संगीता राजन, दिलेर अफगन, जनसुराज के आर. एन. सिंह, शिक्षक नेता अमरनाथ सिंह,रामकुमार, संजीत कुमार, नरेन्द्र सिंह, अनिल पतंग, अशोक रजक, फुलेना पासवान, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, अशोक पासवान, नवीन सिंह, राजेश कुमार सिंह, रामनाथ सिंह,यदुनंदन कुमार, अवनीश राजन, मनोरंजन विप्लवी, पंकज कुमार, संजीव फिरोज, विनोद बिहारी, बबलू दिव्यांशु समते सैकड़ों बुद्धिजीवी व साहित्यकार मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा अत्याधुनिक मॉड्यूल ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य उपकरण का किया गया उद्घाटन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

रविवार को बेगूसराय सांसद-सह-वस्त्र मंत्री भारत सरकार, गिरिराज सिंह द्वारा बेगूसराय जिला अंतर्गत पाच स्वास्थ्य संस्थान में नवनिर्मित मॉड्यूलर ओटी एवं मॉड्यूलर लेबर रूम का सामुहिक रूप से उद्घघाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेरिया बरियारपुर से एक साथ किया गया।

इस गरिमामय उद्घाटन कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी बेगूसराय, श्री तुषार सिंगला, माननीय विधायक बेगूसराय, श्री कुंदन कुमार, सिविल सर्जन बेगूसराय अशोक कुमार सिंह,जिला परिवहन पदाधिकारी बेगूसराय, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी बेगूसराय, ज़िला योजना पदाधिकारी बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी मंझौल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे



आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्राप्त पुरस्कार राशि से जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के कुशल दिशा निर्देश में निर्मित अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और लेबर रूम का आज भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चेरिया बरियारपुर के साथ-साथ खोदावंदपुर, बरौनी, साहेबपुर कमाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बलिया अनुमंडल अस्पताल में भी नवनिर्मित स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण किया गया।

इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन से जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुधार आएगा। अब जिले के लोगों को अपने घर के पास ही बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# एक जून को बखरी में यूथ फेडरेशन के जिला सम्मेलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बखरी/बेगूसराय।** बखरी,नावकोठी,डंडारी एवं गढ़पुरा अंचल के भाकपा के शाखा सचिवों एवं अंचल परिषद सदस्यों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि एक जून को बखरी में यूथ फेडरेशन का जिला सम्मलेन ऐतिहासिक होगा।उन्होंने योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि हमने बखरी विधानसभा क्षेत्र में 54 सड़क को स्वीकृत कराया है, बखरी के विकास के लिए जब भी सदन चलता है,तो हर दिन हम सवाल उठाते हैं। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत के संविधान के साथ भाजपा छेड़छाड़ करना चाह रही है, दलित पिछड़ा के साथ बदसलूकी करती है लेकिन बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने दलितों के सम्मान को झुकने नही दिया और बाबा साहब के झण्डा को बुलंद किया है।दरभंगा में राहुल गांधी को अम्बेडकर छात्रावास में जाने से रोकने का प्रयास किया गया,यह भाजपा का दलित विरोधी चेहरा को बेनकाब



करती है।आज भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है लड़की भाजपा का विधायक तिरंगा से पसीना पोछता है।इसलिए यूथ फेडरेशन बखरी में जिला सम्मेलन कर नौजवानों को संविधान की रक्षा का पाठ पढ़ायेगा। इसकी तैयारी के लिये विभिन्न अंचलो में निर्धारित बैठकों में नौजवान बड़ी संख्या में भाग लें । भाकपा के जिला मंत्री अवधेश राय ने कहा कि यूथ फेडरेशन के जिला सम्मेलन में बेहतर शिक्षा,स्वास्थ्य एवं रोजगार पर बात होगी।सम्मेलन में नौजवानों के बाइक जुलूस निकालने की प्लानिंग बने।साथ ही बेगूसराय जिला की समस्या का संकलन कर नौजवान संघ अपने एजेंडा में शामिल करे।

डंडारी प्रखण्ड प्रमुख तनवीर अहमद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाकपा के राज्य परिषद सदस्य संजीव कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र सहनी,बखरी,डंडारी,नावकोठी एवं गढ़पुरा के भाकपा अंचल मंत्री क्रमशः शिव सहनी,जय प्रकाश मंडल,चन्द्रभूषण चौधरी, एवं रामकिशोर प्रसाद ने भी बैठक को सम्बोधित किया।

यूथ फेडरेशन के जिला सम्मेलन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए यूथ फेडरेशन के स्वागत समिति के संयोजक जितेन्द्र जीतू ने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर 22 मई को बखरी में यूथ फेडरेशन के अंचल सम्मेलन होगा,तथा एक जून को जिला सम्मेलन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखरी में होगा।इस हेतु सभी पंचायत में सदस्यता एवं सम्मेलन कर युवाओं को जिला सम्मेलन की रैली में भाग लेने के लिये प्रेरित किया जाएगा।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# अब 7 टीमों के बीच प्लेऑफ की जंग, किस टीम को कितने मैच जीतने होंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के ग्रुप स्?टेज के 70 में से 55 मैच हो चुके हैं, लेकिन अभी तक प्?लेऑफ की तस्?वीर साफ नहीं हो सकी है। हालांकि तीन टीमें सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्?नई सुपर किंग्?स और राजस्?थान रॉयल्?स टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। अब सात टीमों के बीच प्?लेऑफ की जंग देखने को मिलेगी। फिलहाल आरसीबी, पंजाब किंग्?स, एमआई और जीटी टॉप-4 में हैं। जबकि डीसी, केकेआर और एलएसजी क्रमशः पांचवें, छठे और सातवें पायदान पर हैं। इन सातों टीमों को प्?लेऑफ में क्?वालीफाई करने के लिए कितने मैच जीतने होंगे और किसके क्?या समीकरण हैं? आइये आपको विस्?तार से बताते हैं।



**आरसीबी:** आरसीबी ने 11 मैचों में 16 अंक और +0.482 के नेट रन रेट के साथ प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर जगह पक्की करने के लिए उसे एक और जीत की जरूरत होगी। अगर वह अपने तीन में से दो मैच जीतती है तो 20 अंक के साथ शीर्ष-2 में जगह बनाने और क्वालीफायर 1 में सीधे पहुंच सकती है। अब उसे एलएसजी, एसआरएच और केकेआर से मैच खेलने हैं।

**पीबीकेएस:** पंजाब किंग्?स अपने 11 मैच में 15 अंक और +0.376 के नेट रन रेट से दूसरे नंबर पर है। वह अपने शेष तीन में से एक मैच जीतकर 17 अंक के साथ प्?लेऑफ में क्वालीफाई कर सकती है। पंजाब के अगले तीन ग्रुप स्?टेज मैच डीसी, एमआई और आरआर से हैं।

**मुंबई:** मुंबई इंडियंस के 11 मैचों में 14 अंक और +1.274 का नेट रन रेट है। लगातार छह जीत के साथ एमआई का नेट रन रेट सबसे बेहतर है। 16 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें 3 मैचों में से केवल 1 जीत की आवश्यकता है। यदि एमआई 3 में से 3 जीतती है तो शीर्ष पर रहते हुए क्वालीफायर 1 स्थान सुनिश्चित कर सकती है। एमआई के अगले तीन मैच अब जीटी, पीबीकेएस और डीसी से हैं।

**गुजरात टाइटंस:** गुजरात टाइटंस 10 मैचों में 14 अंक और +0.867 के नेट रन रेट के साथ चौथे नंबर पर है। उसे 16 अंकों तक पहुंचने के लिए 1 जीत की आवश्यकता है। चार में से जीटी अगर तीन मैच जीतती है तो शीर्ष पर रहते हुए क्?वालीफाई कर सकती है। अब उसे एमआई, डीसी, एलएसजी, और सीएसके से भिड़ना है।

**दिल्?ली कैपिटल्?स:** दिल्?ली कैपिटल्?स 11 मैचों के बाद 13 अंक और +0.362 के नेट रन रेट के साथ फिलहाल पांचवें पायदान पर है। वह अपने शेष तीन में से दो मैच जीतकर 17 अंकों के साथ प्?लेऑफ में क्?वालीफाई कर सकती है। अब उसे पंजाब किंग्?स, गुजरात टाइटंस और एमआई से भिड़ना है।

**केकेआर:** केकेआर वर्तमान स्थिति में 11 मैच में 11 अंक और +0.249 के नेट रन रेट के साथ छठे नंबर पर है। वह अपने शेष तीनों मैच जीतकर 17 अंक के साथ प्?लेऑफ में पहुंच सकती है। अगर वह दो मैच जीतकर 15 अंक हासिल करती है तो उसे अन्?य टीमों के मैचों पर निर्भर रहना होगा। अब उसे सीएसके, एसआरएच और आरसीबी के खिलाफ मैच खेलने हैं।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** लखनऊ सुपर जायंट्स की बात करें तो फिलहाल वह 11 मैच में 10 अंक और -0.469 के नेट रन रेट के साथ सातवें पायदा पर है। अब उसे यहां अपने शेष तीनों मैच जीतने होंगे और वह भी बेहतर नेट रन रेट के साथ। उसे अब अपने अगले मैचों में आरसीबी, जीटी और एसआरएच से भिड़ना है।

## इंग्लैंड दौरे के लिए ऋषिकेश कानितकर भारत-ए टीम के कोच होंगे



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी। कानितकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे। भारत की 18 सदस्यीय टीम के 25 या 26 मई को इंग्लैंड रवाना होने की उम्मीद है। भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेला जाएगा।

नॉर्थैम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के बाद भारत ए टीम बेकनहम में 13 से 16 जून तक भारत सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले ए टीम से जुड़ जाएंगे। वहीं, क्रिकबज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम का चयन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसका चयन शुरू में 23 मई को किया जाना था, लेकिन आईपीएल के स्थगित होने और फिर से शुरू होने के कारण, इसमें देरी होने की संभावना है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से लगभग दो सप्ताह पहले छह जून को रवाना होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के इंग्लैंड दौरे के लिए जल्दी रवाना होने की सूचना थी। हालांकि, अब क्रिकबज ने बताया है कि वह सामान्य कार्यक्रम के मुताबिक टीम के साथ यात्रा करेंगे। भारत को पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसके अगले चार मैच बर्मिंघम (दो जुलाई से), लॉर्ड्स (10 जुलाई से), मैनचेस्टर (23 जुलाई से) और द ओवल (31 जुलाई से) में खेले जाएंगे। इंडिया 'ए' स्क्वॉड-अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्ता/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

## सुरेश रैना ने कहा विराट कोहली को भारत रत्न दो... सचिन तेंदुलकर की तरह होगा सम्मान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। विराट के इस फैसले से दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान थे। दिग्गजों ने भी विराट के इस फैसले पर सवाल खड़े किए थे। इसी बीच टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने विराट कोहली को देश का सबसे बड़ा खिताब देने की मांग की है।

**विराट को भारत रत्न देने की मांग:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने विराट कोहली को भारत रत्न देने की बात कही है। कोहली ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। रैना ने सरकार से यह मांग कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद की है। सचिन तेंदुलकर अकेले भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्हें 2014 में भारत रत्न मिला था। रैना ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि विराट कोहली ने भारत और भारतीय क्रिकेट के लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। भारत सरकार को उन्हें भारत रत्न देना चाहिए। विराट कोहली ने हाल ही में 14 साल के टेस्ट करियर को अलविदा कहा है। कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने से उनके फैंस हैरान हैं। आरसीबी के फैंस बड़ी संख्या में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सफेद जर्सी पहनकर आए।



## रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान दो साल बाद टीम में वापसी, ब्रैथवेट की जगह लेंगे;

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे।

**चेज 2023 में आखिरी बार टेस्ट खेला था** चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं। चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी।

**चेज अब तक 49 टेस्ट खेले हैं:** चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा।

**6 खिलाड़ियों के नाम पर विचार के बाद चेज का नाम पर हुआ फैसला:** वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया। सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने इस चयन को वेस्टइंडीज क्रिकेट की सबसे सोच-समझकर की गई प्रक्रिया बताया। कोच डैरेन सैमी ने भी कहा कि, चेज को उनके साथियों का सम्मान मिला है और वो टीम को आगे ले जाने के लिए जरूरी लीडरशिप क्वालिटीज दिखा चुके हैं। तीसरे विकेट के लिए वसीम और राहुल चोपड़ा ने 62 रन जोड़े

वसीम और राहुल चोपड़ा ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों पर तेजी से 62 रन जोड़े। राहुल ने एक ही ओवर में हसन महमूद के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का जड़ा, जबकि वसीम ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। 10 ओवर में यूएई का स्कोर 98/2 था और मुकाबला बराबरी पर नजर आ रहा था।

## बांग्लादेश की यूएई पर 27 रन से जीत टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त; परवेज हुसैन ने 53 गेंदों में 103 रन बनाए




**शारजाह (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने शारजाह में खेले गए पहले टी-20 मैच में यूएई को 27 रन से हराया। इसके साथ ही सीरीज में बांग्लादेश की टीम ने 1-0 की बढ़त भी बना ली है। बांग्लादेश की जीत में परवेज हुसैन इमोन ने अहम रोल निभाया। उन्होंने 53 गेंदों में शतक जड़कर बांग्लादेश का स्कोर 191 रन तक पहुंचाया। 192 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई टीम 164 रन ही बना सकी।

टॉस हारकर पहले बांग्लेदश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तजीद हसन तमीम और परवेज हुसैन इमोन को पारी शुरुआत करने के लिए भेजा गया। तमीम दूसरे ओवर में 10 रन पर आउट हो गए। कप्तान लिटन दास ने भी 11 रनों की तेज पारी खेली। मगर वे भी पुल शॉट पर कैच देकर पवेलियन चले गए। इमोन और लिटन दास के बीच दूसरे विकेट के लिए 21 गेंदों पर 36 रन की साझेदारी हुई। पावरप्ले के बाद बांग्लादेश का स्कोर 55/2 पर था।

**तीसरे विकेट के लिए इमोन और तौहीद हृदॉय के बीच 58 रन की साझेदारी हुई:** इमोन और तौहीद हृदॉय के बीच 58 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन इसके बाद यूएई ने लगातार विकेट चटकाए। मेहदी हसन (2), डेब्यू कर रहे जाकिर अली अनिक (13), और शमीम हुसैन (6) सस्ते में आउट हो गए। 17वें ओवर तक बांग्लादेश का स्कोर 156 पर 6 विकेट तक पहुंच गया था।

**इमोन ने 53 गेंदों पर शतक पूरा किया:** इमोन को 84 रनों पर एक नो-बॉल पर जीवनदान मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और शतक पूरा किया। लेकिन अगली गेंद पर आउट हो गए। इमोन ने 53 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। यह टी-20 में बांग्लदेश की ओर से दूसरा शतक था।

इमोन से पहले तमीम इकबाल ने 2016 टी-20 वर्ल्ड कप में ओमान के खिलाफ नाबाद 103 रन की पारी खेली थी। इमोन ने अपनी पारी में 9 छक्के और 5 चौके लगाए, जो टी-20में किसी भी बांग्लादेशी बल्लेबाज का सबसे ज्यादा छक्के हैं। इमोन ने 28 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और अगले 25 गेंदों में शतक तक पहुंच गए। तनवीर इस्लाम 1 रन बनाकर नाबाद रहे। श्व के मोहम्मद जवादुल्लाह ने 4 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। वह बांग्लादेश के खिलाफ चार विकेट लेने वाले दूसरे एसोसिएट गेंदबाज बन गए। इससे पहले 2014 में टी-20 वर्ल्ड कप में हांगकांग के नदीम अहमद ने यह कारनामा किया था।

**अच्छी शुरुआत के बाद भी यूएई को मिली हार:** 192 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी रही, उसके बावजूद उसे 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती 3 ओवर में ही यूएई ने बिना विकेट खोए 38 रन बना लिए थे। कप्तान मोहम्मद वसीम आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे। यूएई का पहला विकेट 4 ओवर की पांचवीं गेंद पर गिरा। ओपनर मोहम्मद जोहैब को हसन महमूद ने पवेलियन भेजा। जोहैब ने 9 गेंदों का सामना कर 9 रन बनाए। इसके बाद मुस्तफिजुर ने अलीशान शराफू को पवेलियन भेजकर बैकफुट पर ला लिया। पावरप्ले के बाद यूएई 52/2 पर था।

## ईशांत ने सुदर्शन-किशोर की तारीफ की, बोले- दोनों टीम के लिए इम्पैक्टफुल प्लेयस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने अपनी टीम के युवा खिलाड़ियों साई सुदर्शन और साई किशोर की तारीफ की है। उन्होंने कहा, दोनों खिलाड़ियों को पता है कि टीम के लिए इम्पैक्टफुल परफॉर्मेंस कैसे करना है। ईशांत ने शनिवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में आईपीएल-2025 में प्लेऑफ रेस के बारे में बातचीत की। जहां उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे सीजन रुकने से टीम पर असर पड़ा और उन्होंने कोच आशीष नेहरा और कप्तान शुभमन गिल के साथ अपने बॉन्डिंग के बारे में भी बताया।



**सुदर्शन को अपने स्किल पर पूरा भरोसा:** मीडिया के सवाल पर ईशांत ने साई किशोर के बारे में बात करते हुए कहा, वे एक स्मार्ट खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि उन्हें जो भी मौका मिले, उसमें अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करना है। आप जानते है कि साई किशोर ने दूसरे गेंदबाजों की तुलना में कम ओवर गेंदबाजी की है, इसके बावजूद वह आईपीएल2025 पर्पल कैप के दावेदार हैं।साई किशोर ने इस सीजन 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। पर्पल कैप की रेस में 10वें नंबर पर हैं। उन्होंने साई सुदर्शन के बारे में कहा, उन्हें अपने स्किल पर पूरा भरोसा है और वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाना है। वे बड़े हिटर नहीं हैं, लेकिन फिर भी अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेल सकते हैं, जैसे वे चौके मारते हैं, जिससे विपक्षी गेंदबाजों पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

**ब्रेक से कोई असर नहीं:** आईपीएल 2025 में थोड़े समय के ब्रेक के बारे में बात करते हुए ईशांत ने कहा, इसका कोई असर नहीं पड़ा। शुरू में मुझे बताया गया था कि आईपीएल अब नहीं होगा। लेकिन जल्द ही उन्हें बताया गया कि खिलाड़ी अहमदाबाद जा रहे हैं, जहां उन्होंने टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की से पहले ही अभ्यास शुरू कर दिया था।

## हरभजन सिंह ने तो बड़ा दावा कर कर कहा असली फैन सिर्फ धोनी के हैं, बाकी तो आजकल.

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं हैं। पूर्व भारतीय कप्तान करोड़ों लोगों के लिए एक भावना बन चुके हैं। धोनी ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। तब से वह सिर्फ आईपीएल में ही खेलते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस उन्हें प्यार से थाला कहते हैं और उनका जबरदस्त क्रेज है। जब भी धोनी बल्लेबाजी करने मैदान में उतरते हैं, तो स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठता है। पीली जर्सी से भरे स्टैंड्स का नजारा किसी त्योहार से कम नहीं होता।




फैंस बस एक झलक पाने के लिए पागल हो जाते हैं और शोर का स्तर आसमान छूने लगता है। चाहे चेन्नई में हो या किसी और शहर में, जब सीएसके का मैच होता है और धोनी मैदान पर होते हैं, तो स्टेडियम खचाखच भर जाता है। घरेलू टीम से ज्यादा फैंस चेन्नई सुपर किंग्स के आते हैं। ये सब कुछ महेंद्र सिंह धोनी की वजह से ही होता है।

सिर्फ धोनी के फैंस ही सच्चे

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा- अगर किसी खिलाड़ी के असली फैन हैं, तो वो धोनी के हैं। बाकी तो आजकल सोशल मीडिया पर आधे फैन तो पैसे देकर बनाए जाते हैं।

हरभजन ने आगे कहा, कितना बचा हुआ है और जब तक दम है खेलो भाई। अगर मेरी टीम होती तो मैं कुछ और फैसला लेता। लेकिन बात साफ है कि फैन तो चाहेंगे कि वो खेले, क्योंकि उनके फैन सच्चे हैं। सीएसके के फैन जो हैं, वो असली हैं। बाकी जो सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं, उनके नंबरों को छोड़िए, उन पर कभी बैठकर बात करेंगे। इस बार देखा जाए तो धोनी ने ठीक-ठाक खेला है।हरभजन सिंह की बातें सुनकर उनके साथ बैठे आकाश चोपड़ा भी सहमत थे। उन्होंने कहा- इतना भी सच नहीं बोलना था।